● जयपुर, सोमवार, 13 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 253 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 दो दिनों तक निरंतर चली छापामार कार्यवाही में कई प्रतिष्ठानों पर...

पेज @4 बाल सुरक्षा सखियों ने 75 बाल विवाह समझाइश से रुकवाये...

पेज @8 ब्राह्मणों ने जातिगत जनगणना की मांग को किया खारिज...

## पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी का ऐलान

# सीएए लागू करने से कोई नहीं रोक सकता : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 'गुंडे' दोषियों को बचाने के लिए संदेशखालि की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं. संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद पिछले कुछ समय से भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है. राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को देशभर में अपने 'शहजादे' की उम्र से भी कम सीट मिलेगी.

मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं. उन्होंने जोर देकर कहा, ''जब तक मोदी है, कोई भी सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) को कोई रद्द नहीं कर सकता.'' उन्होंने कहा, ''हम सभी ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों और माताओं के साथ क्या किया. टीएमसी के गुंडे अब संदेशखालि में महिलाओं को धमकी दे रहे हैं क्योंकि मुख्य अपराधी का नाम शाहजहां शेख है. टीएमसी संदेशखालि के दोषियों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है.''

बाद में हुगली में एक अन्य रैली में मोदी ने दावा किया, ''इस बार कांग्रेस को अपने शहजादे (राहुल गांधी) की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी.'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी 53 साल के हैं. पिछले हफ्ते, प्रधानमंत्री ने एक रैली में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस 'हाफ सेंचुरी' भी नहीं लगा पाएगी और उसकी सीटों की संख्या अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर पर रहेगी. मोदी ने कहा, ''टीएमसी भी सरकार नहीं बना सकती. विपक्ष में भी वह कुछ नहीं कर सकती. कांग्रेस और वाम दल भी सरकार नहीं बना पा रहे हैं. केवल भाजपा नीत राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) ही आपको स्थिर और मजबूत सरकार दे सकता है.''

### राम मंदिर बनने से कांग्रेस और उसके सहयोगियों की नींद उड़ गयी है: पीएम मोदी

» विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर 'तुष्टीकरण की राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस और उसके अन्य घटक हार को भांपते हुए अलग-अलग बयान दे रहे हैं. उन्होंने कहा, ''राम मंदिर बना तो इनकी नींद उड़ गई है. इन लोगों ने राम मंदिर का भी बहिष्कार किया हुआ है. अरे, 500 साल तक जिस राम मंदिर के लिए हम सभी के पूर्वजों ने संघर्ष किया, उनकी आत्मा आपके ये कारनामे देख रही है. टीएमसी, कांग्रेस वालों, कम से कम पूर्वजों के त्याग, तपस्या और बलिदान... उसका तो अपमान मत करो. भगवान राम का बहिष्कार, ये बंगाल की संस्कृति नहीं है..''

## बम से उड़ा देंगे', स्कूलों के बाद अब दिल्ली के 2 बड़े अस्पतालों को मिली धमकी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब दो बड़े अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ईमेल भेजा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुरारी अस्पताल के पास आया है। बताया जा रहा है कि बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि धमकी भरे ईमेल की शिकायत अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस से की थी। इसके बाद आननफानन में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अलावा वहां दमकल विभाग, बम और डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची है। अस्पताल के चप्पे-चप्पे को खंगाला जा रहा है।

**ताजा खबर**

## झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**रांची/एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। याचिका में कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका को खारिज करने को चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ 13 मई को मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि इसी पीठ ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के आरोपों के मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सोरेन द्वारा चुनाव के मद्देनजर अपनी रिहाई की मांग को लेकर दायर एक अलग याचिका का निपटारा कर दिया। इसमें कहा गया है कि तीन मई को गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका खारिज करने के आदेश के मद्देनजर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता की प्रार्थना निरर्थक हो गई है।

## भ्रष्टाचार की कालिख लिए केजरीवाल दिल्ली की जनता को गारंटी बांट रहे है : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता मनोज तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार की कालिख लिए अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता को गारंटी बांट रहे हैं। दरसल, अंतरिम जमानत पर चंद दिनों के लिए जेल से बाहर आये अरविन्द केजरीवाल जी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं, जैसे फ्रस्ट्रेशन की चरम सीमा पर वे पहुँच गए हों। अरविंद केजरीवाल आपने गारंटी दी थी कि दिल्ली की यमुना जी को इतना स्वच्छ कर देंगे कि दिल्ली की जनता के साथ खुद भी डुबकी लगाएंगे। याद है आपको अपनी गारंटी। तिवारी ने कहा कि आपने गारंटी दी थी कि हम किसी भी पार्टी के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे। आज तो मुझे लगता है 25-26 पार्टियों के साथ आप हाथ मिला चुके हैं।आपने कहा था कि 'ना बंगला लूँगा, ना गाड़ी लूँगा' और आज स्थिति ये है कि आप शीशमहल में रहने लगे हैं और आपके साथ करोड़ों की गाडियों का काफिला चलता है।

**भारत में मैन्युफैक्चरिंग के मुद्दे पर बोले एस जयशंकर**

## चीन जैसे पड़ोसी से प्रतिस्पर्धा करना सीखना होगा

**नई दिल्ली/एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत के घरेलू विनिर्माण और समग्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने से आर्थिक मोर्चे पर चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने और वैश्विक स्तर पर देश के प्रभाव का विस्तार करने के मद्देनजर विदेश नीति और अधिक मजबूत होगी. जयशंकर ने समाचार एजेंसी पीटीआई को एक विशेष इंटरव्यू में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पिछले 10 वर्षों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है क्योंकि 2014 से पहले इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई थी और इसने देश के लिए कई समस्याएं पैदा कीं. उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में विनिर्माण क्षेत्र पर ध्यान न दिए जाने की वजह से भारत-चीन व्यापार में बढ़ोतरी हुई. विदेश मंत्री ने कहा, ''हमें खुद पर भरोसा करने की जरूरत है. मुझे स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में प्रतिस्पर्धा है. हमारा चीन जैसा पड़ोसी है, और हमें प्रतिस्पर्धा करना सीखना होगा.'' उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई जब उनसे पूछा गया कि चीन के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार क्यों बढ़ रहा है जबकि नई दिल्ली इस बात पर जोर दे रही है कि सीमा पर स्थिति असामान्य होने पर संबंध सामान्य नहीं हो सकते. एस जयशंकर ने दावा किया कि ऐसा परिदृश्य इसलिए उत्पन्न हुआ है क्योंकि 2014 से पहले विनिर्माण क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था. भारत और चीन की सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध जारी है और सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है. जयशंकर ने कहा, ''अगर सीमा पर शांति नहीं है तो आप सामान्य संबंध कैसे रख सकते हैं.''

**केजरीवाल ने देश को 10 गारंटियां दी**

## दिल्ली में फ्री बिजली से लेकर मुफ्त इलाज तक

**नई दिल्ली/एजेंसी**

तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार पीएम मोदी पर हमलावर हैं। रविवार को एक बार फिर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इसी के साथ केजरीवाल ने देश को 10 गारंटियां दी। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा।

केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में महंगाई कम करने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं लेकिन आजतक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। वहीं मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल की गारंटी दी थी, जो मैंने पूरी की। केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली मुफ्त करने की गांरटी दी, स्कूल शानदार की गारंटी दी, मोहल्ला क्लिनिक खोलने का वादा किया। हमने वो सब किया जिसकी हमने गारंटी दी थी। पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, वो भी नहीं पता क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं। केजरीवाल की गारंटी केजरीवाल पूरा करेंगे। केजरीवाल ने देश की जनता को 10 गारंटी दी हैं। सीएम ने कहा केजरीवाल की इन 10 गारंटियों की मैं गारंटी लेता हूं कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर इन्हें पूरा कराया जाएगा। ये 10 गारंटियां नये भारत का विजन हैं। ये सभी काम देश को मजबूत करने वाले काम हैं और इन्हें अगले पांच साल में युद्ध स्तर पर पूरा किया जायेगा।

केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली मुफ्त करने की गांरटी दी, स्कूल शानदार की गारंटी दी, मोहल्ला क्लिनिक खोलने का वादा किया। हमने वो सब किया जिसकी हमने गारंटी दी थी। पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, वो भी नहीं पता क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं। केजरीवाल की गारंटी केजरीवाल पूरा करेंगे। केजरीवाल ने देश की जनता को 10 गारंटी दी हैं। सीएम ने कहा केजरीवाल की इन 10 गारंटियों की मैं गारंटी लेता हूं कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर इन्हें पूरा कराया जाएगा। ये 10 गारंटियां नये भारत का विजन हैं। ये सभी काम देश को मजबूत करने वाले काम हैं और इन्हें अगले पांच साल में युद्ध स्तर पर पूरा किया जायेगा।

# चुनावी रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने भरी हुंकार, कहा 'हम पीओके' वापस लेंगे'

**कौशांबी/एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया. अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम पाकिस्तान का सम्मान करें, लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम इसे वापस लेंगे. उन्होंने कहा,₹क्या पीओके वापस नहीं लिया जाना चाहिए? कांग्रेस ने कश्मीर को वर्षों तक नाजायज औलाद की तरह रखा, लेकिन हमने अनुच्छेद-370 खत्म किया, वहां आतंकवाद खत्म किया और अपनी सीमाएं सुरक्षित कीं. यहां तक कि एक बच्चा भी कश्मीर के लिए खुशी-खुशी अपनी जान दे देगा. वोट बैंक तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस और सपा की आलोचना करते हुए अमित शाह ने कहा कि इन पार्टियों ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की. उन्होंने कहा, ''हमने उन्हें मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया, लेकिन वे अपने वोट बैंक के कारण नहीं आए. यह उनका वोट बैंक था, जिसने काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था और मोदी जी ने इसे फिर से बनाया.

गृह मंत्री ने लोगों से पूछा कि अगर चुनाव में इंडिया ब्लॉक जीतता है, तो उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? उन्होंने कहा, ''क्या यह शरद पवार, ममता, उधव, स्टालिन होंगे या (हंसते हुए...) राहुल बाबा? अगर कोरोना लौटा तो लोगों को कौन बचाएगा? यह पीएम नरेंद्र मोदी ही थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 130 करोड़ लोगों को टीका लगाया जाए. जब टीकाकरण शुरू हुआ, तो अखिलेश यादव ने कहा कि यह मोदी की वैक्सीन है, लेकिन फिर चुपचाप रात के अंधेरे में अपनी पत्नी के साथ खुद टीका लगवाने चले गए.

अमित शाह ने आगे कहा कि सपा शासनकाल में भू-माफिया सक्रिय थे, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने माफिया को प्रदेश से बाहर कर दिया है. उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा डॉ. बीआर अंबेडकर का अपमान किया है, लेकिन पीएम मोदी ने अंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों का पुनर्निर्माण करने का फैसला किया है.

## पीओके में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, 1 की मौत 100 लोग घायल

**इस्लामाबाद/एजेंसी**

आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जबरदस्त आंदोलन हो रहा है। सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में रविवार को यह जानकारी दी गई। इससे पहले भी पीओके में इस तरह के विरोध प्रदर्शन देखने को मिलते रहे हैं।

### ● मुजफ्फराबाद में हुई हिंसक झड़पें

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह रैली जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले निकाली गई थी। शुक्रवार को हड़ताल के बीच पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद के अलग-अलग इलाकों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मुजफ्फराबाद डिवीजन और पुंछ डिवीजन में पूरी तरह हड़ताल रही। क्षेत्रीय सरकार ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को बुलाया है।

# भारत में अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक असंतुलन चिंताजनक

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है। भारत में हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है।

गांधी जी ने हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम सांप्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस संबंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, "मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं?" जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, "हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।" यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर सांप्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू-मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है। साम्प्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है।

जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए सांप्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिन्ता में डाल देती है। आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी सांप्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है।

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगें खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की सांप्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, "दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून 'शरिया' कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।" (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ ऑफ गॉड' पृष्ठ तीन)

गांधी जी हिन्दू-मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आंबेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है, "गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।" मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, "उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।" यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं। यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिन्ता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिन्ता का विषय है। मुस्लिम सांप्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है। अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी।

किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन सांप्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है। चिन्ता का विषय आक्रामक सांप्रदायिकता और अलगाववाद से छुटकारा पाना है। भारत के राष्ट्रजीवन व संविधान में सभी आस्था समूहों का सम्मान है। इसलिए जनसंख्या का असंतुलन गहन रूप में विचारणीय है।

# हाशिये पर जाती बहुजन समाज पार्टी

आरके सिन्हा

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। छह महीने पहले ही उन्होंने आकाश को धूमधाम से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि आकाश तब तक उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सकते, जब तक वे "पूरी तरह परिपक्व" नहीं हो जाते। आकाश आनंद बीते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे। अप्रैल में सीतापुर में एक चुनावी रैली के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। मायावती को लगता है कि ये भाषण पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों और नीतियों से भटक गए थे।

मायावती के इस तरह के अचानक फैसले पहले भी देखे गए हैं लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इसका पार्टी और उनके दलित आंदोलन पर क्या असर होगा। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने अपने परिवार को पार्टी से दूर रखा था और मायावती को उनके नेतृत्व कौशल के कारण ही अपना उत्तराधिकारी चुना था। इस रणनीति ने पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता दिलाई, जहाँ दलित समाज आबादी का लगभग 21 फीसदी हिस्सा हैं।

हालांकि, मायावती बसपा को एक व्यापक बहुजन समाज की पार्टी के रूप में विकसित करने में विफल रहीं। पार्टी के कई संस्थापक नेता, जो ओबीसी, अल्पसंख्यक और दलित समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, मायावती के नेतृत्व शैली से असंतुष्ट होकर पार्टी छोड़ गए। आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं।

मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुँचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे। इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और

बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल है, जो लोहियावादी समाजवादी परंपरा और मंडल राजनीति की विरासत का दावा करती हैं। बसपा के मामले में पार्टी के पतन को नए दलित नेताओं के उदय ने भी तेज किया है। पार्टी का वोट शेयर लगातार गिर रहा है। इस बात की संभावना कम ही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा उत्तर प्रदेश में कोई उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकेंगी।

अब उत्तर से पंजाब की ओर चलते हैं। बसपा की ताजा ताकत को जानने के लिए पंजाब के समीकरणों को जानना जानना जरूरी है, क्योंकि बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम जी पंजाब के रोपड़ शहर से ही थे। आप जब चंडीगढ़ से रोपड़ शहर में प्रवेश करते हैं तो आपको समूचे शहर की फिजाओं में लोकसभा चुनावों का रंग घुला हुआ मिलता है। सारा माहौल गुलजार है। आमतौर पर इधर बातचीत का मुख्य बिन्दू यही है कि राज्य की 13 लोकसभा सीटों में किस दल के हक के कितनी सीटें जाएंगी। पर यह एक दुर्भाग्य ही है कि बसपा दूर-दूर तक कहीं चर्चा में नहीं है।

सभी को यह हैरान करता है। रोपड़ बसपा के संस्थापक कांशीराम का यह अपना शहर है। इधर ही उनका बचपन बीता, इधर के ही सरकारी कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। आप चाहें तो और हैरान हो सकते हैं कि उनके कॉलेज के आसपास भी बसपा का कोई झंडा तक दिखाई नहीं दिया। कुल मिलाकर यहां पर आकर चिराग तले अंधेरे वाली कहावत सच साबित होती दिखी।

आखिर पंजाब के चुनावी समर में भी बसपा या कांशीराम की कोई भारी-भरकम उपस्थिति रोपड़ या पंजाब में क्यों नजर नहीं आ रही? पंजाब के कुछेक समाज शास्त्रियों से बातचीत के बाद हमें अपने सवाल का जवाब मिला। इन सभी की राय थी कि चूंकि पंजाब में सिख धर्म और आर्य समाज के प्रभाव के चलते दलितों को उस तरह से सामाजिक स्तर पर प्रताड़ित नहीं होना पड़ा, जैसे अन्य राज्यों में उन्हें झेलना पड़ा। इन दोनों मजबूत धार्मिक संस्थाओं ने जाति के कोढ़ पर हल्ला बोला। नतीजा यह हुआ कि पंजाब के समाज में दलितों का उत्पीड़न कम हुआ। इस पृष्ठभूमि की रोशनी में ही पंजाब का दलित अपने को बसपा से जोड़कर नहीं देखता। आपको पंजाब में जगह-जगह दलितों के गुरुद्वारे तो देखने को मिल जाएंगे। उनके बाहर गुरुमुखी और कइयों के बाहर हिन्दी में भी लिखा रहता 'मजहबी', 'रामगढ़िया' या 'संत रविदास' गुरुद्वारा। और तो और, चंडीगढ़ में भी आपको इस तरह के गुरुद्वारे मिल जाएंगे। यह अन्य गुरुद्वारे से भव्यता के स्तर पर कतई उन्नीस नहीं हैं। ये कहीं न कहीं उनकी आर्थिक सेहत को भी रेखांकित करते हैं।

यानी पंजाब का दलित उस तरह से पिछड़ा, दबा-कुचला नहीं है, जिस तरह से वो देश के बाकी भागों में या कम से कम उत्तर भारत के अन्य सूबों में हैं। जाहिर है, इसी वजह से चुनावों में पंजाब में दलित बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में खड़े नजर नहीं आते। संभवतः इसलिए बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम पंजाब से संबंध रखने के बाद भी बसपा को अपने ही गृह प्रदेश में मजबूत आधार देने में कामयाब नहीं हुए। पंजाब में कुल 30 फीसदी मतदाता दलित हैं, यानी उत्तर प्रदेश से भी ज़्यादा! देश के किसी भी अन्य सूबे में इतने अधिक दलित वोटर कहीं नहीं हैं। देश से बाहर बड़ी संख्या में जाने के फलस्वरूप पंजाब के दलितों के हालात सुधर गए। जो बाहर गए, वे भारत में अपने परिवारों को अच्छी-खासी रकम भेजते रहे। पंजाब से बाहर रोटी-रोजी कमाने के लिए जाने वालों में दलित सिख सर्वाधिक रहे हैं। आपको अफ्रीका में भी दलितों के गुरुद्वारे मिल जाएंगे।

एक दौर में पंजाब में कांग्रेस के पास ज्ञानी जैल सिंह और बूटा सिंह के रूप में दंबग दलित नेता थे, पर साल 1984 में पहले स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों के कत्लेआम के बाद पंजाब में पार्टी कमजोर हुई। उसे उपर्युक्त दोनों दिग्गज दलित नेताओं के केन्द्र की राजनीति करने के कारण रिक्त हुए स्थान को भरने के लिए भी कोई नया नेता सामने नहीं आया। जैल सिंह तो देश के राष्ट्रपति ही बन गए। बहरहाल, बसपा की तरफ से लोकसभा चुनाव के लिए काफी संख्या में उम्मीदवार खड़े हुए हैं। कुछ समय पहले तक अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में मंत्री रहे राजकुमार आनंद भी नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली से बसपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि लगता नहीं कि बसपा कहीं भी अपना असर छोड़ेगी। इसकी बड़ी वजह मायावती का कमजोर नेतृत्व और उनके ऊपर लगे तमाम आरोप ही हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# चुनाव के दौरान रंगभेद की राजनीति

सुरेश हिंदुस्थानी

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसका तात्पर्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोटबैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग-अलग दुकान खोल कर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया।

यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं।

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा। वर्तमान में

कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझ कर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत खास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग-अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ताधर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया।

इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फजीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजयों का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। उसके जिम्मेदार नेताओं को यह भी नहीं पता कि कौन से मुद्दे पर राजनीति की जानी चाहिए और किस पर नहीं। इसी कारण कांग्रेस का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अविश्वसनीयता के घेरे में समाता जा रहा है।

ाह स्थिति जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अनास्था की धारणा को जन्म देने वाला कहा जा सकता है, वहीं यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है। हम जानते हैं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार झूठे बयान दिए हैं, जिसमें वे माफी भी मांग चुके हैं। यह बात सही है कि झूठ के सहारे आम जनता को भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन जब सत्य सामने आता है, तब उसकी कलई खुल जाती है। सबसे बड़ी विसंगति तो तब बनती है, जब अपने नेता के बयान को कांग्रेस के अन्य नेता समर्थन करने वाले अंदाज में निरर्थक रूप से पुष्ट करने का असफल प्रयास करते हैं। ऐसे प्रयासों से भले ही यह भ्रम पाल ले कि उसने केन्द्र सरकार को घेर लिया, लेकिन वास्तविकता यही है कि इसके भंवर में वह स्वयं ही फंसी नजर आती है।

कांग्रेस अपनी कमियों को छिपाने के लिए भले ही भाजपा पर आरोप लगाने की राजनीति करे, लेकिन सत्य यह है कि इसके लिए कांग्रेस की कुछ नीतियां और वर्तमान में नेतृत्व की खामियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। बयानों की राजनीति के बीच कांग्रेस एक बार फिर बैकफुट पर है। सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेसी नेता सफाई भी देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे बयान भारत को शक्तिशाली बनाने से रोकते हैं। इसलिए यह आज की आवश्यकता है कि भारत को शक्ति संपन्न बनाने की राजनीति की जाए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# वक्फ बोर्ड या मुस्लिम तुष्टीकरण : इस घटना ने फिर चिंता में डाला

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

मध्य प्रदेश के भोपाल में वक्फ बोर्ड से जुड़ा एक मामला सामने आया है। कहने को यह राजधानी का केंद्र है लेकिन यहां खुले तौर पर इस्लामवादियों ने बीच शहर में सरकारी एवं निजी सम्पत्ति पर जबरन कब्जा, नव बहार सब्जी मंडी की बिल्डिग के पास कर लिया है और बोर्ड भी चस्पा कर दिया है। जिसमें कि यहां बने हिंदू अनाथालय की भूमि पर कब्जा करने की तैयारी की जा रही है। कुछ लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है और कुछ को डर दिखाया जा रहा है। पता चला है वक्फ के नाम पर वसूली भी चालू है।

वस्तुतः इस घटना ने आज एक बार फिर चिंता ने डाल दिया है और यह सोचने के लिए विवश किया है कि न जाने भारत में इस प्रकार के कितने स्थान और संपत्तियां होंगी जहां वक्फ बोर्ड से जुड़े लोग इसी तरह से कब्जा कर उसे आगे हमेशा के लिए वक्फ की संपत्ति घोषित कर देने का काम कर रहे हैं । वास्तव में यह मामला इतना महत्व का है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 याचिकाएं देश भर की विभिन्न अदालतों के समक्ष लंबित हैं। अधिकांश में भारत के विधि आयोग को अनुच्छेद 14 और 15 की भावना में 'ट्रस्ट-ट्रस्टी और चैरिटी-चैरिटेबल संस्थानों के लिए एक समान कानून' का मसौदा तैयार करने के लिए कहा गया है।

दरअसल, वक्फ को संसद से मिली शक्तियां आज भारत में एक आम इंसान के मन में यह डर पैदा कर रही हैं कि कहीं कभी उसकी संपत्ति की बारी न आ जाए और वक्फ उस पर अपना दावा न ठोक दे। मध्य प्रदेश के भोपाल में ऐसे ही एक प्रकरण का जिक्र यहां बनी मनोहर डेरी के सामने ईसराणी मार्केट से लगी हुई नगर निगम/ सरकारी 27000 वर्गफीट जमीन का है। पुराने शहर के बीचों बीच अरबों रुपये की इन जमीनों को लेकर वक्फ पर आरोप है कि उसने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है । कहनेवाले कह रहे हैं कि अकेले मध्य प्रदेश में इस प्रकार के अनेकों केस हैं, फिर देश में क्या स्थिति होगी।

वक्फ बोर्ड की मनमानी को अदालतों में चुनौती देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजयनाथ तिवारी सही कहते हैं, ''वक्फ बोर्ड को मिले अधिकारों में कटौती करने की जरूरत है, क्योंकि वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन कब्जाने का षड्यंत्र 2013 के बाद से और तेज हो गया है। इसी साल सोनिया-मनमोहन सरकार ने वक्फ बोर्ड को अपार शक्तियां दे दी थीं। काग्रेस की इस सरकार ने वक्फ कानून 1995 में संशोधन कर उसे इतना घातक बना दिया कि वह किसी भी संपत्ति पर दावा करने लगा है। यह आप इससे भी समझ सकते हैं कि आज भारत में सशस्त्र बल और रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड तीसरा सबसे बड़ा जमींदार है। वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के डेटा के अनुसार देश में वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख 54 हजार से अधिक संपत्तियां हैं, जोकि आठ लाख एकड़ से ज्यादा है।'' वस्तुतः इस एतिहासिक सत्य को किसी को नहीं भूलना चाहिए कि 1945 में ही बहुत लोगों को लगने लगा था कि अब पाकिस्तान बन कर रहेगा। जिसमें 'मुस्लिम लीग' पूरी तरह से आश्वस्त थी कि चाहे जो भी हो, वह मजहब के आधार पर भारत का विभाजन करा लेगी। इसलिए उस समय के अधिकतर मुस्लिम नवाबों और जमींदारों ने जो पाकिस्तान के पक्ष में थे, अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक चाल चली। इसके तहत हर जमींदार और नवाब ने अपनी संपत्ति का वक्फ बना दिया और भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए। लेकिन यह कोई नहीं जानता था कि जिन लोगों ने पाकिस्तान बनाने में जिन्ना और अली बन्धुओं जैसे तमाम लोगों का साथ दिया, भारत में छूटी उनकी संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित करने के बजाय उसे वक्फ की घोषित कर दिया जाएगा। तत्कालीन कांग्रेस की नेहरू सरकार ने यही किया।

एक अनुमान के अनुसार 6-8 लाख वर्ग किलोमीटर जमीन वक्फ बोर्ड के पास गई थी, जबकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत विभाजन के समय पाकिस्तान को 10,32,000 वर्ग किलोमीटर भूमि दी गई थी। यानी मुसलमानों ने पाकिस्तान देश के नाम पर भी जमीन ली और वक्फ के नाम पर भी लाखों वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया। यही नहीं, बाद में सरकारी और गैर-सरकारी जमीन पर भी मजार, मस्जिद और मदरसे बनाकर वक्फ की संपत्ति बढ़ाना इसने अब तक जारी रखा हुआ है। पिछले साल सांसद हरनाथ सिंह ने वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995 को खत्म करने के लिए एक निजी विधेयक संसद में पेश किया था । उनकी बताई दो घटनाओं का जिक्र करना यहां पर्याप्त होगा। तमिलनाडु के त्रिचि जिले के गांव में डेढ़ हजार आबादी है, उसमें कुल और मात्र सात-आठ घर मुस्लिमों के हैं और पड़ोस में ही एक भगवान शंकर जी का मंदिर है जो डेढ़ हजार साल पुराना है। वक्फ बोर्ड ने उस गांव की पूरी संपत्ति पर अपना दावा ठोक दिया और सबको खाली करने का नोटिस कलेक्टर के यहां से पहुंचा दिया गया। कागजात से भी संपत्ति खारिज हो गई। इस गांव की अधिकतर आबादी गरीब है, ऐसे में जब इस गांव के हिन्दू लोग थक हार गए तो उन्हें एक ऑप्शन देते हुए मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के लिए कहा गया। इस्लामवादियों ने सुझाव दिया, मुस्लिम बनने पर उनकी जमीन बच जाएगी।

उनका दिया दूसरा उदाहरण महाराष्ट्र के सोलापुर जिले का है, जहां एक बस्ती में 250 के करीब हिन्दू अनुसूचित जाति वर्ग के लोग रहते हैं, उनके पास एक नोटिस उनकी जमीन को खाली करने का आया कि वो जहां रह रहे हैं वो वक्फ बोर्ड की जमीन है। बस्तीवाले दर-दर भटकते रहे, लेकिन कहीं उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी, तब उनको भी इस्लाम अपनाकर मुसलमान बन जाने का ऑफर दिया गया। वस्तुतः इन दोनों ही मामलों की प्रकृति देखकर समझा जा सकता है कि यह विषय कितना गंभीर है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ध्यान दिलाते हैं कि हिंदुओं, जैनियों, बौद्धों, सिखों और अन्य समुदायों के लिए वक्फ बोर्डों द्वारा जारी वक्फ की सूची में शामिल होने से उनकी संपत्तियों को बचाने के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। यह सीधे तौर पर उनके साथ भेदभा

## संक्षिप्त समाचार

### बांदीकुई : दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नील गाय को बचाने के प्रयास में कार डिवाइडर से टकराई, तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**दौसा/एजेंसी।** दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नील गाय को बचाने के प्रयास में कार डिवाइडर से टकरा गई। तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में छह लोग घायल हो गए। ये सभी रिश्तेदार की अस्थियां लेकर विसर्जन करने हरिद्वार जा रहे थे।

दौसा जिले के बांदीकुई थाना इलाके के आभानेरी के नजदीक दिल्ली मुंबई-एक्सप्रेस वे पर यह हादसा हुआ। मृतक और घायल एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। कार सवार परिवार अपने कि- सी परिचित की अस्थियां लेकर हरिद्वार जा रहा था, लेकिन इस बीच आभानेरी के पास नील गाय सामने आ गई। उसे बचाने के दौरान तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद कार में सवार लोग नीचे उतर रहे थे। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उनको कुचल डाला। इस हादसे में हंसमुख, उसकी पत्नी सीमा और चाचा मोहनलाल की मौके पर मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर बांदीकुई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। एक महिला को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बीते दिनों हंसमुख की मां का निधन हो गया था। उसके बाद परिवार के लोग अहमदाबाद से उनके अस्थि विसर्जन के हरिद्वार जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में आईईडी, हथियार व गोला-बारूद बरामद

**जम्मू/एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू एवं कश्मीर के रियासी जिले में हथियारों और गोला-बारूद के साथ एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया।

अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी रविवार सुबह नौ बजे कोट बुधान वन क्षेत्र से की गई। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में नौ इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के साथ एक आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, एक किलो विस्फोटक पाउडर, आठ 8.9 वोल्ट डीसी बैटरी, तीन लिथियम आयन 12 वोल्ट बैटरी, तीन इलेक्ट्रिक वायर बंडल (लगभग 50 मीटर), 10 एए सेल (1.2 वी), छह बड़े आकार के चुंबक, सात विस्फोटक सुरक्षा फ्यूज आदि शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा, मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### फ्लोर टेस्ट के लिए विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में हरियाणा सरकार, गवर्नर ने 30 कांग्रेस विधायकों से मांगे दस्तखत

**रोहतक/एजेंसी।** हरियाणा में मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने के लिए राजनीतिक पार्टियों के बीच माहौल काफी गर्माया हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बीजेपी सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार अब ये जानकारी सामने आई है कि राज्य सरकार फ्लोर टेस्ट पास करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि हरियाणा विधानसभा में फ्लोर टेस्ट होगा। उन्होंने कहा कि जेजेपी को इस मामले को नहीं उठाना चाहिए था लेकिन अब उन्होंने उठा लिया है तो वो कटघरे में फंस गए हैं, जेजेपी के 6 विधायक हमारे संपर्क में हैं। खट्टर ने दावा किया कि कांग्रेस भी एकजुट नहीं है, 30 में से चार या पांच विधायक उनके छिटक सकते हैं। वहीं राज्यपाल ने कांग्रेस से 30 विधायकों के हस्ताक्षर मांगे हैं। बता दें कि पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम और जननायक जनता पार्टी के अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को चिट्ठी लिखकर फ्लोर टेस्ट कराने की मांग की थी। इस चिट्ठी में लिखा गया था कि वह राज्य में सरकार बनाने वाली किसी भी पार्टी का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। साथ ही ये भी कहा है कि हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए।

### लुधियाना लोकसभा चुनाव विकास के लिए निर्णायक लड़ाई है : रवनीत बिट्टू

**लुधियाना/एजेंसी।** लुधियाना से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू ने आज जहां शहर में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया, वहीं उन्होंने पूर्व पार्षद जसबीर सिंह जस्सा, प्रिंस भंडारी द्वारा ऋषि नगर, किचलू नगर स्थित लक्की चोपड़ा ज़िला उपाध्यक्ष व सराभा नगर स्थित रोटरी क्लब द्वारा आयोजित बैठक में भाग लिया व भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट माँगे, सी समय उनके साथ हल्का उत्तरी के प्रभारी परवीन बंसल के इलावा सुनील मोदगिल हिमाचल सेल, संदीप सलवान, उमेश शर्मा, मीन अरोड़ा, मनोज भारद्वाज, श्री दत्त, जेएल सूद प्रधान, हरीश नरूला, सुरेश सूरी, अविजेश शर्मा, हरीश शर्मा, अश्वनी वर्मा, विकास अरोड़ा, ओम प्रकाश मिगलानी, अशोक पुरी, श्री लवली, नवीन अत्री आदि मौजूद रहे।इस समय जहां रवनीत बिट्टू ने रोट्री क्लब स्थित दिव्यांत के साथ समय बिताया। वहीं बैठकों को संबोधित करते हुए रवनीत बिट्टू ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के प्रति बढ़ता जनसमर्थन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा लुधियाना लोकसभा सीट बड़े अंतर से जीतेगी क्योंकि इस बार पंजाब और लुधियाना की जनता गुमराह नहीं होगी और उन्नति के नाम पर कमल के फूल का बटन दबाएँगे। रवनीत बिट्टू ने कहा कि विपक्षी पार्टियों के पास न तो नेता हैं और न ही बीजेपी जैसी कोई ठोस नीति है, एक तरफ बीजेपी देश बचाने की बात कर रही है तो दूसरी तरफ विपक्ष कुर्सी के लिए लड़ रहा है।

## शनिवार देर रात से रविवार तक चली कार्रवाई

# दो दिनों तक निरंतर चली छापामार कार्यवाही में कई प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही

## गोवर्धनपुरी में 200 किलो पनीर नष्ट कराया, एवं ग्रेवी, तेल व मिठाइयों के लिए सैम्पल

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 12 मई।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देशों की पालना में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल जयपुर प्रथम ने अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त पंकज ओझा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के निर्देशन में गलता थाना के अधीन गोवर्धनपुरी स्थित डी-449 में पनीर के थोक विक्रेता अभिषेक के गोदाम पर छापामार कार्यवाही की। यहाँ ईको गाड़ी में 200 किलो पनीर मौजूद था।खाद्य सुरक्षा दल ने कारवाई करते हुए पनीर के सैंपल लिए, जोकि मानक अनुरूप नहीं पाए जाने पर हाथो-

हाथ समस्त 200 किलो पनीर नष्ट करवाया गया और कारोबारकर्ता अभिषेक एवं कर्मचारी बलबीर को पुलिस के सुपुर्द किया गया।पुलिस ने ईको गाड़ी को भी जब्त कर लिया। यह फर्म बिना एफएसएसए लाइसेंस के कार्य कर रही थी। इसके यहां पूर्व में भी कार्यवाही की गई थी। कार्यवाही में जब्त 47160 रु पुलिस को जमा करवाए गए ।

शनिवार देर रात तक चली इस पूरी कार्रवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत मौके पर उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा दल में नरेश कुमार, नरेंद्र शर्मा एवं पवन गुप्ता शामिल थे।

इसी क्रम में प्राप्त शिकायत के आधार पर रविवार को रेलवे स्टेशन स्थित खंडेलवाल ढाबे पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में गंभीर अनियमितता पाई गई। साफ सफाई बिल्कुल भी नहीं थी। जगह-जगह गंदगी फैली हुई थी। ढाबे के मालिक को नोटिस दिया गया।यहाँ पनीर की गुणवत्ता भी मानक अनुकूल नहीं थी। पनीर का सैंपल लिया गया और शेष पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया गया इसी तरह उनका काम मिला उनके द्वारा काम में ले जाने वाली ग्रेवी व तेल का भी सैंपल लिया गया इसके बाद पास स्थित रूप बसंत का भोजनालय का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही साफ सफाई रखने व शुद्ध सामग्री उपलब्ध करवाने की हिदायत दी गई। यहां से उनके द्वारा काम में लिए जा रहे आटे एवं सब्जी के दो नमूने लिए गए।इसी क्रम में पास ही स्थित मैसर्स सरस्वती मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया, जिसमें साफ सफाई का अभाव मिला।यहां से दो मिठाई के नमूने लिए गए तथा इनको इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इस कार्रवाई में श्रीमान अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रवि शेखावत टीम के साथ उपस्थित रहे टीम में रतन गोदारा, नरेश चेजारा व पवन गुप्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई।

## विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शिकायतों को दर्ज करवाने हेतु जयपुर नगर वृत्त में खण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

चमकता राजस्थान

जयपुर, 12 मई। तेज गर्मी, आंधी-अंधड़ को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं आपातकालीन परिस्थितियो मे संभावित दुघर्टना को रोकने के लिए कॉल सेन्टर के साथ ही जयपुर नगर वृत में खण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष पर भी शिकायत दर्ज करवाने की व्यवस्था की गई है, ताकि विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर विद्युत आपूर्ति को सुचारु किया जा सके।

| खण्ड स्तर पर | नियंत्रण कक्ष- नाम | टेलिफोन | नम्बर मोबाइल नम्बर (नियंत्रण कक्ष) | मोबाइल नम्बर (अधिशासी अभियन्ता) |
|---|---|---|---|---|
| नगर खण्ड प्रथम | कन्ट्रोल रूम | 2231770 | 9413390214 | 9413390064 |
| नगर खण्ड द्वितीय | कन्ट्रोल रूम | 2571559 | 9413390215 | 9413390065 |
| नगर खण्ड तृतीय | कन्ट्रोल रूम | 2571613 | 9413390252 | 9413390066 |
| नगर खण्ड चतुर्थ | कन्ट्रोल रूम | 2612895 | 9414029406 | 9413390067 |
| नगर खण्ड पंचम | कन्ट्रोल रूम | 2618460 | 9413390275 | 9413390068 |
| नगर खण्ड षष्ठम | कन्ट्रोल रूम | 2782565 | 9413390287 | 9413390069 |
| नगर खण्ड सप्तम | कन्ट्रोल रूम | 2232692 | 9413390305 | 9413390070 |

विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं अन्य बिजली शिकायतों को टोल फ्री नम्बर 1800-180-6507 व आईवीआरएस 1912 एवं टेलीफोन नम्बर 0141-2203000 पर दर्ज कराने की सुविधा पूर्व से ही चालू है। इसके साथ ही उपभोक्ता बिजली शिकायतों को आन-लाईन माध्यम यथा बिजली मित्र ऐप, वेब एप्लीकेशन www.bijlimitra.com , 9414037085 पर एसएमएस व व्हाट्सएप के माध्यम से, ई-मेा helpdesk@jvvnl.org, energy.rajasthan.gov.in/jvvnl पर भी दर्ज करवा सकते है, जिससे दर्ज शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने में सुविधा होगी और कतार में लगे अन्य उपभोक्ताओं को भी शिकायत दर्ज करवाने का शीघ्र अवसर मिल सकेगा।

## उदयपुरवाटी में भारतीय किसान संघ की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित

**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में बस स्टेंड स्थित अग्रसेन भवन में भारतीय किसान संघ की तहसील स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य वक्ता किसान संघ के सीकर संभाग के संगठन मंत्री नीरज कुमार थे। मुख्य अतिथि कृषि विभाग के सह निदेशक दुर्गाप्रसाद रहे। अध्यक्षता जिला समिति सदस्य डॉ राकेश वैद्य ने की। बैठक में किसानों मजदूरों की आ रही समस्याओं के बारे में जाना और संगठन के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगो को पहुंचाने के लिए सर्व सम्मति से आवाज उठाई। नीरज कुमार ने बताया कि भारतीय किसान संघ ऐसे किसी भी आंदोलन का समर्थन नहीं करता जिसमे देश और देश के किसान का अहित होता है।है जिसमें किसान के नाम पर केवल राजनीति होती हो। मुख्य अतिथि ने राज किसान सेवा पोर्टल औरस किसान एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को ऑनलाइन आवेदन में आ रही दिक्कतो को दूर करने में उपाय बताए। राकेश सैनी ने कहा कि किसानों का एक मात्र ऐसा संगठन है जो किसानों के लिए हमेशा तैयार रहता है और किसानों के हित में हमेशा तत्पर रहता है। इस दौरान रामलाल सैनी बागोरा, रवि बागोरा, नंदलाल सैनी, हरिसिंह चौधरी इंद्रपुरा, शीशपाल, प्यारेलाल ओलखा, शैतान सैनी, राजेंद्र सैनी सहित अनेक किसान मौजूद रहे। किसान संघ की तहसील स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य वक्ता किसान संघ के सीकर संभाग के संगठन मंत्री नीरज कुमार थे। मुख्य अतिथि कृषि विभाग के सह निदेशक दुर्गाप्रसाद रहे। अध्यक्षता जिला समिति सदस्य डॉ राकेश वैद्य ने की। बैठक में किसानों मजदूरों की आ रही समस्याओं के बारे में जाना और संगठन के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगो को पहुंचाने के लिए सर्व सम्मति से आवाज उठाई। नीरज कुमार ने बताया कि भारतीय किसान संघ ऐसे किसी भी आंदोलन का समर्थन नहीं करता जिसमे देश और देश के किसान का अहित होता है। जिसमें किसान के नाम पर केवल राजनीति होती हो। मुख्य अतिथि ने राज किसान सेवा पोर्टल और किसान एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को ऑनलाइन आवेदन में आ रही दिक्कतो को दूर करने में उपाय बताए। राकेश सैनी ने कहा कि किसानों का एक मात्र ऐसा संगठन है जो किसानों के लिए हमेशा तैयार रहता है और किसानों के हित में हमेशा तत्पर रहता है। इस दौरान रामलाल सैनी बागोरा, रवि बागोरा, नंदलाल सैनी, हरिसिंह चौधरी इंद्रपुरा, शीशपाल, प्यारेलाल ओलखा, शैतान सिंह टांक, राजेंद्र सैनी सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए परिंडा वितरण कार्यक्रम के तहत 101 परिंडों का वितरण

चमकता राजस्थान

**अजमेर।** भीषण गर्मी में पंछियों को राहत देने के लिए करमाबाई जाट महिला संस्था द्वारा दाहरसेन स्मारक हरिभाऊ उपाध्याय विस्तार में परिंडां वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संस्था की जिला संरक्षक ममता चौधरी के नेतृत्व मे भीषण गर्मी में परिंदों को राहत दिलाने के लिए परिंडा वितरण किया गया एवं हरिभाउ विस्तार योजना में दाहर सेन स्मारक पर दाना पानी डालकर परिंडें रखे गए।इस अवसर पर अजमेर जिला संयोजक इन्द

रिणवां, जिला महासचिव रेखा दुगुस्तावा जिला स्वास्थ्य सचिव डॉ. सुमन इनाणिया उपस्थित रहे।

# उदयपुरवाटी उपखंड क्षेत्र के गांवों में पानी के लिए भयंकर परेशानी

चमकता राजस्थान

**उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)** । जल संघर्ष समिति की टीम के तत्वावधान में पेयजल समस्या ग्रसित गांव सुरपुरा में,सुरपुरा संघर्ष समिति के साथ मिलकर वार्ड नं 2 ,सेड माई का मौहल्ला में पहुंचकर देखा तो खाली मटके बाल्टी आदि देखकर आंखें फटी रह गई।टंकी के चारों ओर खाली मटकों, बाल्टियों की लाइन लगी हुई थी, कुछ लोग तो बोतल में पानी ले जाने के लिए मजबूर दिखें शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की बात तो अलग है,अब तो जैसा भी पानी मिलें उसी को लेकर परेशान ग्रामवासियों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया।ग्रामवासियों ने बताया कि हमारे यहां भीषण गर्मी में भी पर्याप्त पानी की सप्लाई सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। यद्यपि ये उपलब्ध पानी बिल्कुल भी पीने योग्य नहीं है।शुद्ध पेयजल की तो बहुत भयंकर क़ल्लित है। जिससे सुबह से शाम तक हम परिवारजनों विशेषकर महिलाओं का का पूरा दिन पानी के लिए ही पूरा हो जाता है।उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति महासचिव सुभाष बालोदिया व ग्राम ईकाई अध्यक्ष सुरेश मीणा के नेतृत्व में लोगों ने कहा कि शुद्ध पेयजल के अभाव में महिलाएं दिन भर परेशान रहती है। टंकी के इर्द-गिर्द चक्कर लगाती

रहती हैं।इसका एक मात्र समाधान खेतड़ी की तर्ज़ पर-कुम्भा राम लिफ्ट योजना ही हो सकती है। नहरों से पानी की आवक सुनिश्चित हो।संतोष व सुमन ने कहा कि इस मोहल्ले, सेड माइ के मोहल्ले के मध्य में पानी की टंकी बनी हुई है लेकिन पीनी की कमी से शुद्ध पेयजल नहीं होने से पानी की टंकियां पूरी भरती ही नहीं है,

पानी के अभाव में बाहर से 500-600 रूपए प्रति टैंकर खर्चा करने के बाऊजूद भी शुद्ध पीने योग्य पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। फ्लोराइड युक्त पानी से घर घर का हर व्यक्ति कोई न कोई बिमारी से ग्रेसित हो गया है।

संघर्ष समिति अध्यक्ष नथू राम ने बताया कि शुद्ध अशुद्ध पेयजल जैसा भी हो उपलब्ध नहीं होने से लोगों में अत्यधिक रोष है। जलदाय विभाग के अधिकारी इस तरह की समस्या के प्रति गम्भीरता नहीं दिखा रहे हैं।

संघर्ष समिति संयोजक के के सैनी ने कहा कि संघर्ष समिति के तत्वावधान में गर्मी आने के 3 माह से भी ज्यादा समय पूर्व से पीएचइडी विभाग को जगाने का काम किया गया लेकिन आज तक भी विभाग टैंकर तक सप्लाई सुनिश्चित नहीं कर पाया है।,लोग किस कद्दर परेशान हैं,प्रत्यक्ष में प्रमाण की जरूरत नहीं है।आज गर्मी अपने पूर्ण सलाब पर है फिर भी टैंकर सप्लाई की प्रक्रिया शुरू नहीं होने से, इसे लेकर ग्रामवासियों में अत्यधिक रोष व गुस्सा बढ़ता जा रहा है।संयोजक सैनी ने आगे बताया कि हम लोगों ने गांववायिज ग्रामईकाई गठन का काम, सुरपुरा सहित करीब करीब गांवों में काम पूरा कर लिया है।सुभाष बालोदिया व सुरेश मीणा ने प्रशासन को चेताया कि अगर 2-3 दिन में पीएचइडी विभाग पेयजल का उचित समाधान नहीं करता है, सेंट्रल कमेटी के साथ मिलकर ग्राम ईकाई के माध्यम से इस आंदोलन को उग्र किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान बिदामी,देवी,सन्तोष देवी,सुमन देवी, अनिता, ममता,,विमला देवी, सुभाष बालोदिया, मुबारक खान, संदीप कुमार, सुरेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबर

### अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर सीमा कुमारी का हुआ सम्मान

**चमकता राजस्थान, दौसा।** जिला चिकित्सालय में कार्यरत जिरियाट्रिक/डे केयर वार्ड प्रभारी व वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सीमा कुमारी को नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं बहुमूल्य सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर रविवार को सम्मानित किया गया।जन स्वास्थ्य निदेशक एवं राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के पदेन अध्यक्ष डॉ रवि प्रकाश माथुर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक राकेश शर्मा, राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार भारती द्वारा सीमा कुमारी को फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड 2024 राजस्थान के चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत 63 कर्मचारियों को उनके नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए को प्रदान किया गया है। बता दें कि यह अवार्ड फ्लोरेंस नाइटेंगल के द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके द्वारा दिए गए विशेष योगदान की याद में उनके जन्मदिवस पर प्रदान किया जाता है।

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पुत्रवधू ने किये मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन

**चमकता राजस्थान, दौसा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पुत्रवधू सुषमा सिंह सुबह मेहंदीपुर पहुंची। उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन कर देश में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने बालाजी दरबार में विशेष पूजा अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर सुषमा सिंह का ट्रस्ट के सचिव एम के माथुर ने स्वागत किया। उन्हें बालाजी महाराज की तस्वीर एवं प्रसादी भेंट की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा सहित कई कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों ने सुषमा सिंह का स्वागत किया।

### जेडीए ने इक्कीस बीघा भूमि पर तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-04 में आदिनाथ नगर के भूखण्ड संख्या-एस2 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख़्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। लालबहादुर नगर के भूखण्ड संख्या-एस 50, 51 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख़्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 21 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित एस.एल.मार्ग जयपुरिया अस्पताल लिंक रोड़ पर आदिनाथ नगर के भूखण्ड संख्या- एस2 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः उक्त बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिंग के प्रवेष द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो, शटर पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लालबहादुर नगर के भूखण्ड संख्या- एस 50, 51 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर उक्त बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिंग के प्रवेष द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो, शटर पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक-प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-04, 01, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बासेड़ी रोड़, भाटेड़, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर पवन वाटिका के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

### अंता में अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** अंता पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो जिंदा कारतूस और देसी कट्टा बरामद किया है। थानाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान हापाहेड़ी रोड हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात युवक किसी वारदात की फिराक में घूम रहा था। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने लगा। पुलिस ने आरोपी जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना नाम मिथुन (24) निवासी कैथून होना बताया। जिसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध देशी कट्टा 12 बोर और दो जिंदा कारतूस मिले।

# बाल सुरक्षा सखियों ने 75 बाल विवाह समझाइश से रुकवाये

**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर ( राजवीर सिंह)।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन (यू.एस ) के सहयोग से न्याय तक पहुंच फेज 2 कार्यक्रम के तहत मंजरी फाउंडेशन के द्वारा धौलपुर जिले के 50 गाँवो को बाल विवाह मुक्त बनाने के अभियान को बहुत सफलता मिल रही है, स्वयं सहायता समूहों की महिलाये सूचना मिलने पर बाल विवाह करने की संभावना वाले परिवारों को घर जाकर समझा रही है और इस प्रयास से पूरे एक साल मे 75 शादियां को रोकने मे सफलता मिली है` गाँवो की दीवारों पर जागरूकता के लिए पेंटिंग बनवायी जा रही है` इस कड़ी मे आगे यें बाल सुरक्षा सखी गाँवो मे मोहल्ला मोहल्ला जाकर युवाओं और बच्चों व महिलाओं को लूडो के खेल के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ जागरूक कर रही है` कार्यक्रम से जुड़े आशीष पाराशर ने बताया किबाल विवाह एक बड़ा मानवाधिकार उल्लंघन है जो लाखों बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा और भविष्य के अवसर छीन लेता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह (निषेध और रोकथाम) अधिनियम 2006 के तहत, 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों का विवाह सख्त वर्जित है। जो कोई भी बाल विवाह करता है और इसके लिए उकसाता है, उसे दो साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। कानूनी प्रावधानों के बावजूद बाल विवाह देश में एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। कैथरी सरपंच अजयकांत शर्मा ने बताया कि मंजरी फाउंडेशन के द्वारा गांव गांव मे बाल सुरक्षा सखी को गाँवो मे होने वाले विवाहो, सगाई और संबंधो पर नजर रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया है और यें सखी समय रहते सूचना देती है फिर उस परिवार को समझाया जाता है और उस पर नजर रखी जाती है, इस तरह बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता तो बढ़ ही रही है साथ मे बाल विवाह को रोकने मे भी सफलता मिल रही है`

गाँवो मे दीवारों पर बनवा रही है बाल विवाह के खिलाफ पेंटिंग

### महिला अध्यापक ने जन्मदिन पर पेड़ लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चमकता राजस्थान, दौसा।** शिक्षिका बलेश पोसवाल ने अपने जन्मदिवस पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जन्मदिवस पर उन्होंने कई स्थानों पर पेड़ लगाए। भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधे। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह अवाना, मीनाक्षी मीणा व शिक्षक और महिलाएं मौजूद रहे। अस्तित्व की उड़ान संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष बलेश पोसवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अब तक हजारों पेड़ लगा चुकी हैं। व्हाट्सएप ओपन कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए भी प्रयासरत हैं। पर्यावरणविद एवं जैविक कृषि के संरक्षक सुरेंद्र अवाना की प्रेरणा से पर पर्यावरण को बचाने के लिए एक राजकीय शिक्षिका बलेश पोसवाल समर्पित भाव से मुहिम चला रहीं हैं। इससे अन्य लोग भी जागरुक हो रहे हैं।

## छेड़छाड़ के मामलें में तीन माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**

**नदबई (राजवीर सिंह) ।** पुलिस ने छेडछाड़ करने के मामलें में करीब तीन माह से फरार आरोपी को खाटूश्याम से हिरासत में लिया। बाद में जांच पड़ताल कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव करऊआ निवासी बृजेश उर्फ बिरजू पुत्र सुगड़ सिंह को मुखबिर की सूचना पर खाटूश्याम से हिरासत में लिया। बाद में शिनाक्त होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र निवासी पीडित ने करीब तीन माह पहले अपनी भतीजी से छेडछाड़ करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उधर, पुलिस ने एससी एसटी मामलें में फरार एक अन्य आरोपी भुसावर थाना क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी कृष्णा उर्फ कान्हा पुत्र ज्वान सिंह को डिटेन कर भुसावर थाना पुलिस को सौपा। पुलिस के अनुसार भुसावर थाना पुलिस से फरार आरोपी युवक को खाटूश्याम से हिरासत में लिया गया।

# स्कूल शिक्षा परिवार नदबई ने किया बैठक का आयोजन

**समस्याओं पर चर्चा सहित, नवनियुक्त सीबीईओ भातरा का किया अभिनंदन**

**चमकता राजस्थान**

**नदबई (राजवीर सिंह)।** निजी शिक्षण संस्थानों के सबसे बड़े संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के ब्लॉक नदबई के सदस्यों ने आज रविवार को कस्बा नदबई स्थित अवधेश माध्यमिक विद्यालय लुहासा में एक बैठक का आयोजन किया। ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू देशवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निजी विद्यालयों से संबंधित समस्याओं एवं उनके निवारण पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नदबई के नवनियुक्त सीबीईओ सुरेश चन्द भातरा का संगठन के सदस्यों द्वारा माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। तदोपरांत निजी विद्यालयों को आ रही समस्याओं जिसमें आरटीई भुगतान, भूमि रुपान्तरण, यू डाइस पोर्टल सहित अनेकों समस्याओं पर विस्तार पूर्वक सकारात्मक चर्चा की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गपाल सिंह, संभाग संयोजक हरीश करारा सहित गजराज फौजदार, विजय सिंह जाखड़, वीरबल सिंह, मुकेशशर्मा, महेश शर्मा, महेश कुमार, राजेश शर्मा ,रामकिशोर, जगदीश, जवाहर सिंह ,लाखनसिंह लखन, रामवीर, भगवान सिंह अजब सिंह सहित सैकड़ों स्कूल संचालन मौजूद रहे।

## आगरा कैंट और मथुरा जं. रेलवे स्टेशन पर स्काउट गाइड्स द्वारा निःशुल्क शीतल जल सेवा की जा रही

**चमकता राजस्थान**

**आगरा ( एजेंसी)।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमित आनन्द के निर्देशन में जल सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है! जिसके तहत आगरा मंडल के स्काउट एवं गाइड्स के बच्चो द्वारा जल सेवा शिविर में यात्रियों को जल उपलब्ध करा रहे है! भीषण गर्मी में रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को सबसे ज्यादा जरूरत ठंडे पानी की होती है। सामान्य एवं अन्य कोच में यात्रियों की इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड, आगरा मंडल द्वारा आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशनों पर निःशुल्क जल सेवा की जा रही है। स्काउट एवं गाइड के बच्चो द्वारा ट्रेन आने पर ट्राली के माध्यम से यात्रियों को निःशुल्क जल सेवा प्रदान की जा रही है ।

## गांव गढ़ी जौनाबाद में हुआ संतो के सानिध्य में श्री श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर ( रामदास तरुण )।** जिला धौलपुर के राजाखेड़ा उपखण्ड के गांव गढी जैनाबाद में आज हुआ संतो के सानिध्य में हनुमान मंदिर पर आयोजन को लेकर आज जौनावद चामण माता के मन्दिर से 108 कन्याओ के साथ कलशयात्रा निकाली गई गांव में कथा वाचक आचार्य महेश कृष्ण ठाकुर महाराज वृंदावन वालों का जगह-जगह बैण्ड बाजों के साथ स्वागत सम्मान किया गया! कन्याओं जगह जगह जलपान कराया गया! गांव की परिक्रमा करते हुए कथा स्थल तक गांव की श्रद्धालु दिखाई दीये। आचार्य के द्वारा मंत्रोचार कर विधि विधान पूजा अर्चना के बाद कथा शुभारंभ की गई। सात दिवस तक गांव घड़ी जौनाबाद में सनातन धर्म की गंगा बहेगी!

**रोड पर स्टंट कर ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले आवारा-मनचलों के विरुद्ध की कार्रवाई**

# 117 बाइक, एक स्कॉर्पियो व चार कार जप्त

**➲ उदयपुर जिले में तीन थानों की पुलिस की कार्रवाई**

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/उदयपुर! (खलील कुरैशी)।** उदयपुर जिले की प्रताप नगर, हिरणमगरी व सवीना थाना पुलिस की टीम ने बाइक पर स्टंट कर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले आवारा-मनचलों युवकों से 117 बाइक्स, एक स्कॉर्पियो एवं चार कार जब्त कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि शहर में बाइक्स चोरी एवं आवारा मनचलों व युवकों द्वारा बाइक्स पर स्टंट कर तेज गति से बाइक चला ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ नगर पूर्व छगन पुरोहित के सुपरविजन में थाना प्रताप नगर, हिरणमगरी एवं सवीना के एसएचओ मय टीम द्वारा कुल 122 बाइक-कार जप्त कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एसपी गोयल ने बताया कि थाना प्रताप नगर पुलिस ने 35 बाइक एवं एक स्कॉर्पियो, थाना हिरण मगरी पुलिस ने 29 बाइक एवं चार कार एवं थाना सवीना पुलिस ने 53 बाइक जप्त कर उनके दस्तावेज स्थापित कर एमवी एक्ट में कार्रवाई की है। एसपी ने आमजन से अपील की है कि अपने वाहनों के दस्तावेज की प्रति अपने वाहन या मोबाइल में डीजी लॉकर में रखें और किसी भी संदिग्ध वाहन की सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाने या कंट्रोल रूम पर देवे।

## धौलपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला मुख्यालय पर मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। जिसमें जयपुर के इंडस हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा अलग-अलग प्रकार की बीमारियों की जांच कर परामर्श दिया गया। शिविर आयोजक सुनील सिंघल ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में बीमारियों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि शिविर में देश के जाने माने विशेषज्ञों की सुविधाएं जिले के नागरिकों को प्राप्त हुईं। जिनमें डॉ. डी के गर्ग हृदय रोग, डॉ. नरेश गर्ग गुर्दा, पथरी एवं मूत्र रोग, डॉ. विमल गुप्ता नेत्र रोग एवं डॉ. आशीष माथुर हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण ने अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर जिला कलक्टर निधि बीटी ने कहा कि इस तरह के शिविरों के आयोजन से आम जनता को काफी राहत मिलती है!

## बसपा इकलौती पार्टी जिसने चुनावी बांड से एक रुपये तक नहीं लिया : मायावती

कानपुर । मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए दावा किया कि इन पार्टियों ने अमीरों से पैसा लिया और उन पर उपकार किया जबकि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसे चुनावी बांड के जरिये एक रुपये तक नहीं लिया।

मायावती ने कानपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया और अकबरपुर सीट से राजेश द्विवेदी को चुनाव जिताने की अपील कर कहा कि विपक्षी पार्टियों ने अमीरों से पैसा लिया और उन पर उपकार किया, जबकि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने चुनावी बांड के द्वारा एक रुपये भी नहीं लिया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अवैध घोषित किया था। उन्होंने कहा कि बसपा पार्टी का जबसे गठन हुआ तब से यह पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से चल रही है। उन्होंने कहा, भाजपा पूंजीपतियों (धन्ना सेठों) की पार्टी बन गई है और मोदी सरकार ने गरीबों, दलितों और पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया। बसपा प्रमुख ने कहा, भाजपा ने खोखली गारंटी दी है। अगर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए तब उसके लिए केंद्र में सत्ता बरकरार रखना मुश्किल होगा। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर सभी संघीय जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। मायावती ने दावा किया कि सरकार ने पिछले एक साल में सरकारी नौकरियों में दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों का कोटा पूरा नहीं किया है। कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

## पाकिस्तान ड्रोन फिर आया नजर, जवानों ने की फायरिंग, वापस सीमा में भागा, तलाश अभियान शुरु

बिश्नाह। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन को बीएसएफ जवानों ने गोलीबारी कर दी। दो दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग के बाद भी ड्रोन पाकिस्तानी सीमा में वापस चला गया। बीएसएफ ने तलाश अभियान शुरु कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार देर रात पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की आवाजाही सुनाई दी और दो दर्जन राउंड फायरिंग की। फायरिंग के बाद ड्रोन वापस पाकिस्तानी सीमा की ओर चला गया। इसके बाद शनिवार सुबह रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर में बोर्डेट चौकी क्षेत्र को साफ करने के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया गया है जिससे यह पता लगाने की कोशिश की कि ड्रोन के जरिए किसी हथियार या नशीले पदार्थ की तस्करी न की गई हो। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तान की अशरफ अली पोस्ट से भारत की नारयण पोस्ट की तरफ ड्रोन को प्रवेश करने का प्रयास करते हुए देखा। इसके बाद जवानों ने उस पर फायरिंग की, जिसके बाद ड्रोन वापस पाकिस्तान चला गया। इससे पहले भी पाक रेंजरों की इस नापाक हरकत को बीएसएफ जवानों ने नाकाम कर पाकिस्तानी ड्रोनों को वापस भागने पर मजबूर कर दिया था।

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान से दो लोगों की मौत

नई दिल्ली । एनसीआर में शुक्रवार रात अचानक आई तेज आंधी-तूफान से लोगों को काफी परेशानी हुई। बताया जा रहा है ?कि आंधी तूफान से दिल्ली में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार की रात तेज आंधी के चलते कई इलाकों में अफरा-तफरी मच गई और नोएडा में भी एक बिल्डिंग की सेटरिंग गिरने से 3 से 4 लोग घायल हो गए और करीब 10 गाड़ियां उसकी चपेट में आ गईं। पुलिस घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटी हुई है। यह घटना नोएडा के थाना सेक्टर 58 क्षेत्र की है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 150 से ज्यादा जगहों पर पेड़ उखड़ गए और 55 से ज्यादा इमारत क्षतिग्रस्त हुई हैं। तेज आंधी के चलते कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति ठप रही। दिल्ली और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात तेज आंधी के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई। तेज हवाएं चलने के कारण दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। कई जगहों पर बिजली के तार भी टूट गए। मौसम में आए अचानक इस बदलाव से दिल्ली, नोएडा व गाजियाबाद में कई जगहों पर ट्रैफिक जाम देखने को मिला। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी व तूफान के साथ बारिश हो सकती है। यहां 50 से 70 किमीमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। इंदिरापुरम, हिंडन एयर फोर्स स्टेशन, गाजियाबाद, नोएडा, लोनी, छपरौला, ग्रेटर नोएडा, दादरी आदि में हल्की बारिश और बूंदाबांदी का अनुमान है।

## पाकिस्तानी गर्लफ्रेंड को खुश करने के लिए बन गया जासूस

मुजफ्फरपुर। पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए युवक को हनी ट्रैप में फंसाया और फिर से गोपनीय जानकारी लेने लगा। सीआईडी क्राइम ने बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले पाकिस्तानी जासूस को गुजरात के भरूच से गिरफ्तार किया है। आर्मी इंटेलिजेंस की ओर से दी गई खुफिया रिपोर्ट के आधार पर गुजरात पुलिस, सीआईडी क्राइम और मुजफ्फरपुर पुलिस की टीम फिलहाल छापेमारी कर रही है।बताया जा रहा है कि सीआईडी क्राइम ने भरूच से प्रवीण मिश्रा नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसे आर्मी इंटेलिजेंस की एमआई उधमपुर यूनिट से पाकिस्तानी जासूसों के बारे में जानकारी मिली थी। सीआईडी क्राइम के अनुसार, आरोपी भारत से खुफिया जानकारी पाकिस्तान में आईएसआईएस एजेंटों को भेज रहा था। खबर है कि उसके मोबाइल से कई संवेदनशील जानकारी मिली है। इसमें पाकिस्तान खुफिया एजेंसी के साथ वॉट्सऐप चैट और ऑडियो कॉल जैसी जानकारियां हैं।गिरफ्तार जासूस प्रवीण मिश्रा से पूछताछ में सीआईडी क्राइम ने खुलासा किया कि उसने सोशल मीडिया पर अपनी गर्लफ्रेंड को इम्प्रेस करने के लिए जासूसी शुरू की थी। जांच में पता चला कि एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट ने फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर उसे हनीट्रैप में फंसाया था। आईएसआई एजेंट सोनल गर्ग ने प्रवीण मिश्रा के नाम का इस्तेमाल किया था। मैसेज के जरिए दोनों की दोस्ती हुई। इसके बाद उन्होंने वॉट्सऐप नंबर भी एक्सचेंज किए।

## मूसलाधार बारिश के चलते रुकी केदारनाथ-बद्रीनाथ यात्रा, सिरोबगड़ के पास हाइवे बंद

ऋषिकेश। अक्षय तृतीया के दिन केदारनाथ के कपाट खुले हैं। कपाट खुलने से पहले ही 10,000 से ज्यादा तीर्थ यात्री वहां पहुंच चुके था। शुक्रवार को केदारनाथधाम में 29030 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। अब मूसला धार बारिश के कारण यात्रा को विराम देना पड़ा है। भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ से ऋषिकेश हाईवे सिरोबगड़ के पास बंद होने के कारण केदारनाथ-बद्रीनाथ यात्रा रुक गई है। इस कारण से बद्रीनाथ और केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को फिलहाल श्रीकोट-श्रीनगर और कलियासौड़ में ही रोका गया है। जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।श्रीनगर कोतवाल होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। सिरोबगड़ में लगातार मलबा गिरने से अभी तक सड़क नहीं खुल पाई है। यहां काफी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं।

## वॉटसएप पर कॉलिंग के लिए नया फीचर

नई दिल्ली(ईएमएस)।वॉट्सऐप का इस्तेमाल लाखों लोग ऑडियो या वीडियो कॉल के लिए करते हैं। लेकिन कोई न कोई कमी हमेशा ही दिखाई देती है। ऐसे में कंपनी भी लोगों के एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाने के लिए नए-नए फीचर्स प्रदान करती है। अब लोगों की परेशानी को समझते हुए एक और नया फीचर लाने पर काम कर रही है। ऐप पर एक ऐसा फीचर आ रहा है जिससे कि जब कोई व्यक्ति कॉल पर होगा तब उसके सामने नया कॉल हाइलाइटेड दिखाई दे जाएगा। वह शख्स उस कॉल को वहीं से म्यूट या एंड कर सकेगा, और ऐसा करने के लिए उसे मेन स्क्रीन पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# जी20 शिखर सम्मेलन का समापन सबसे संतोषजनक क्षण : एस जयशंकर

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि जी20 शिखर सम्मेलन का समापन अगर उनके करियर का सबसे संतोषजनक क्षण था तो पिछले पांच वर्षों के दौरान सबसे महत्वपूर्ण क्षण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और जापान जैसे देशों के साथ रिश्तों में भारी बदलाव से जुड़ा था। जयशंकर ने कहा, पिछले दशक के पांच वर्षों में ये रिश्ते वास्तव में जबरदस्त तरीके से बदल गए हैं। और क्वाड का विकास भी कुछ ऐसा ही है, जिसे हमने डेढ़ दशक पहले आजमाया था, लेकिन सफल नहीं हुए, परंतु दूसरी बार ऐसा संभव हुआ। इस बार इसने वास्तव में काम किया।

जयशंकर ने लगभग एक घंटे लंबे साक्षात्कार में कई मुद्दों पर बात की। इनमें आगे के 10 वर्षों में दुनिया के बारे में उनका दृष्टिकोण, भारत के सामने आने वाली चुनौतियां और उनकी देखरेख में अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश की बढ़ती छवि शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले साल जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना सिर्फ कड़ी मेहनत नहीं थी , कई मायनों में देश की प्रतिष्ठा इस पर निर्भर थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ सितंबर को नई दिल्ली घोषणा-पत्र को अपनाने का ऐलान किया था, जो भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थी, क्योंकि यह (जीत) यूक्रेन संघर्ष को लेकर बढ़ते तनाव और भिन्न-भिन्न विचारों के बीचप्राप्त हुई थी।

घोषणा पर सर्वसम्मति और उसके बाद अपनाने की घोषणा भारत द्वारा यूक्रेन संघर्ष के बारे में जी20 देशों को अवगत कराने के लिए एक नया मसौदा जारी करने के कुछ घंटों बाद आई। जयशंकर ने कहा, यह हमारे इतिहास में उठाई गई सबसे बड़ी कूटनीतिक जिम्मेदारी थी। हमने जिस तरह से इसे निभाया वह भी बहुत अनोखा था। मैं कूटनीतिक क्षेत्र में लंबे समय से हूं। मैंने विदेश नीति पर ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं देखा है, जिससे भारतीय जनता इतनी जुड़ी हो और समाहित हो। जी20 का उल्लेख करने के बाद जयशंकर ने कहा, आपने मुझसे यह नहीं पूछा कि सबसे महत्वपूर्ण क्या था।

एक मंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल में और (उस) अवधि के दौरान कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण रिश्तों में भारी बदलावों से जुड़ा होना सबसे महत्वपूर्ण रहा है। इनमें अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और कुछ हद तक जापान को भी शामिल कर सकते हैं। कूटनीति में लगभग 50 वर्षों के अनुभव वाले सबसे प्रसिद्ध विदेश मंत्रियों में से एक जयशंकर पहले चीन और अमेरिका में राजदूत और उसके बाद भारत के विदेश सचिव रह चुके हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय की छवि घरेलू स्तर पर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपने कार्यों को लोगों द्वारा पहचाने जाने का एहसास है, उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से देश की विदेश नीति के प्रति बहुत गहरी रुचि देखता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो स्थान बनाया है, उस पर लोगों को बहुत गर्व है।

## केजरीवाल की रिहाई पर पाकिस्तानी नेता का बयान... पीएम के लिए यह हार

नई दिल्ली । पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से रिहा होने पर प्रतिक्रिया देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक और लड़ाई की हार बताया है। उन्होंने कहा कि 10 मई को नई दिल्ली में जो घटनाक्रम हुआ वह उदारवादी भारत के लिए एक अच्छी खबर थी। मौजूदा लोकसभा चुनावों में चुनाव प्रचार के लिए शीर्ष अदालत द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने के बाद, केजरीवाल तिहाड़ से बाहर चले गए। उन्हें 2 जून को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया था। पाकिस्तानी नेता चौधरी ने ने पोस्ट किया, मोदी जी एक और लड़ाई हार गए ऩकेजरीवाल रिहा... उदारवादी भारत के लिए अच्छी खबर। वहीं इसके पहले फवाद चौधरी द्वारा राहुल गांधी की तारीफ करने पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस के बीच साझेदारी उजागर हो गई है। पीएम मोदी ने कहा संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजे की बात यह है कि देश में कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। अब पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पाकिस्तान शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है और हम पहले से ही पीएम मोदी ने गुजरात के आनंद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मुझे पता है कि कांग्रेस पाकिस्तान की प्रशंसक है।

# राहुल ने दिए कांग्रेस में बदलाव के संकेत, बोले गलतियां तो हुई हैं

**लखनऊ (एजेंसी)।** आने वाले समय में यानी लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं। इसके संकेत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और उन्हें भविष्य में अपनी राजनीति बदलनी होगी। ये बात मैं कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं। हालांकि, राहुल गांधी ने इस बात का जिक्र नहीं किया कि कांग्रेस ने क्या गलतियां की। अब जानकार बयान के मायने निकाल रहे हैं। माना जाने लगा है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी में बड़े बदलाव के संकेत हो सकते हैं। बता दें कि चुनाव के दौरान कई कांग्रेस नेता सक्रिय होकर ऐसे बयान देते हैं जिससे कई बार कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि 90 प्रतिशत आबादी एससी/एसटी, ओबीसी, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और सामान्य समुदाय के गरीबों की है, जिन्हें समान भागीदारी नहीं दी जाती है। अगर देश को मजबूत करना है, तो 90 फीसदी को शामिल किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। अगर आप कहते हैं कि 90 फीसदी नौकरशाही, खेल, मीडिया, न्यायपालिका और यहां तक कि सौंदर्य प्रतियोगिताओं में भी नहीं आएंगे, तो आप कौन सी महाशक्ति बनेंगे। क्या आप 10 प्रतिशत आबादी को महाशक्ति बनाना चाहते हैं?

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लखनऊ में मोदी सरकार के खिलाफ निशाना साधा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं। एक, जो सुबह से शाम तक सत्ता के लिए दौड़ते हैं। सच्चाई नहीं स्वीकार करते हैं। बस किसी भी तरह सत्ता में आ जाएं, इसी में लगे रहते हैं। दूसरे वे लोग होते हैं जो सच्चाई सामने दिख रही है उसको स्वीकार करते हैं। आंबेडकर, गांधी, बुद्ध, पेरियार ने यही किया। राहुल गांधी ने आगे कहा कि वो पीएम मोदी के साथ डिबेट करने के लिए तैयार थे, लेकिन उन्हें पता था कि पीएम मोदी उनके साथ डिबेट नहीं करेंगे। राहुल गांधी ने ये भी दावा किया कि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा 180 से कम सीटों पर सिमट जाएगी। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता ने इस कार्यक्रम में एक ऐसी बात कही, जिस पर काफी राजनीतिक चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और उन्हें भविष्य में अपनी राजनीति बदलनी होगी। ये बात मैं कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं। हालांकि, राहुल गांधी ने इस बात का जिक्र नहीं किया कि कांग्रेस ने क्या गलतियां की।

## यह राम मंदिर, भक्ति और आध्यात्म की हमारी गौरवशाली परंपरा का जीता जागता प्रतीक : धनखड़

**अयोध्या (एजेंसी)।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अयोध्या में प्रभु रामलला की भव्य प्रतिमा के दर्शन किए। दर्शन से अभिभूत उपराष्ट्रपति ने पोस्ट किया, यह मंदिर, भक्ति और आध्यात्म की हमारी गौरवशाली परंपरा का जीता जागता प्रतीक है। आज जब हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में ताकत से अग्रसर है, तब प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद भारत भूमि पर बना रहे, यही प्रार्थना है। उन्होंने कहा यह मौका मेरे और मेरे परिवार के लिए, मेरे दिल, मेरे दिमाग और आत्मा को एक साथ एकत्र करता है। हमारे संविधान के भाग तीन में श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण का चित्र अंकित है। उन्होंने मंदिर निर्माण में लगे कारीगरों तथा श्रमिक कर्मियों के योगदान का अभिनंदन किया। इसके पहले उपराष्ट्रपति ने अपनी संक्षिप्त धार्मिक यात्रा की शुरुआत प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर से की और सपरिवार रामभक्त हनुमान के दर्शन किए। उन्होंने कहा साहस, शक्ति और भक्ति के प्रतीक बजरंगबली के चरणों में शीश नवाकर तन-मन प्रसन्नता और ऊर्जा से भर गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने कुबेर टीला में कामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और भक्ति एवं साहस के प्रतीक पक्षीराज



जटायु के दर्शन किए। अपनी अयोध्या यात्रा के अंत में उपराष्ट्रपति ने सपरिवार सरयू नदी के दर्शन किए और आरती की। इस अवसर कर उन्होंने कहा कि सरयू नदी अनादि काल से भारतीय सभ्यता तथा सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न हिस्सा रही है, यह दिव्य अनुभव अगाध आध्यात्मिक शांति प्रदान करने वाला है। इस अवसर पर हरिवंश नारायण सिंह, राज्यसभा उपसभापति, सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, उत्तर प्रदेश, पी. सी. मोदी, राज्यसभा महासचिव, चंपत राय, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव उपस्थित थे।

## भीमताल झील का जलस्तर घटकर 17 मीटर तक पहुंचा

**नैनीताल (एजेंसी)।** उत्तराखंड के नैनीताल में स्थित भीमताल झील का जलस्तर 22 मीटर से घटकर 17 मीटर तक पहुंच गया है। जो कि अबतक सबसे कम है। इसकी वजह कुमाऊं क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी में कमी है। वहीं पर्यटकों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है।

बता दें कि 1370 मीटर की ऊंचाई पर स्थित नैनीताल जिले की सबसे बड़ी झील भीमताल दिल्ली-एनसीआर के पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। वे चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए यहां आते हैं। जलस्तर में गिरावट पर क्लाइमेट एक्टिविस्ट पूरन चंद बृजवासी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा झील की लगातार उपेक्षा और झील में क्षेत्र के कई नालों के बहने से स्थिति और खराब हो गई है। बातचीत में पूरन चंद बृजवासी ने कहा कि झील की आखिरी बार सफाई ठीक से 1998 में की गई थी। आस-पास के इलाकों से कई बड़े नाले इस झील में सीवेज व गाद और कचरा लाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार से बार-बार अनुरोध कर रहे हैं कि सीवेज और गाद को बहने से रोका जाए और गर्मियों के दौरान झील से गाद निकालने में मदद की जाए। उन्होंने कहा कि भीमताल झील की गहराई 1985 में 22 मीटर दर्ज की गई थी जो अब घटकर 17 मीटर रह गई है। इस गिरावट का कारण सरकारी एजेंसियों की निरंतर उपेक्षा हो सकती है। झील के गिरते जलस्तर ने शहर के पर्यटन उद्योग को भी प्रभावित किया है। वहीं कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के पूर्व पर्यटन विकास अधिकारी विपिन सी पांडे ने कहा कि झील क्षेत्र के पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण है और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में कोई भी बदलाव लोगों की आजीविका को प्रभावित कर सकता है। पांडे ने कहा कि एक समय था जब इस क्षेत्र में 60 छोटी-बड़ी झीलें थीं अब बहुत कम बची हैं। यह झील पूरे भारत के पर्यटकों को अट्रैक्ट करती है। बोटिंग, कयाकिंग, पैरासेलिंग और अन्य एडवेंचर एक्टिविटी से राज्य की अच्छी खासी कमाई होती है। उन्होंने कहा कि झील में पानी का स्तर कम होने से हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी जो होटल और रिसॉर्ट सहित पर्यटन उद्योग पर निर्भर हैं।

# केजरीवाल के बाहर आते ही आक्रमक होगा आप का चुनावी प्रचार, पार्टी में आई नई जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई हो गई है। आज वे दो रोड शो करने जा रहे हैं। उनके बाहर आने से आप में नई जान आ गई है। अब आप का चुनाव प्रचार और आक्रामक हो जाएगा। सीएम शनिवार को कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रेसवार्ता करेंगे। इसके बाद आप के चुनाव प्रचार की कमान केजरीवाल के इर्द-गिर्द ही घूमेगी।चुनावी रणनीति में सीएम के कार्यक्रमों को अंतिम रूप देना शुरू गया है। केजरीवाल के जेल जाने के बाद आप का चुनाव अभियान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संभाल रखा था। उन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित किया और राजधानी में आप प्रत्याशियों के लिए रोड शो किया।दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर आप और तीन पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। आप सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री कम समय में ज्यादा से ज्यादा चुनावी कार्यक्रम कर सकते हैं। इसके लिए शनिवार तक केजरीवाल से बातचीत कर रणनीति तैयार कर ली जाएगी।

आम आदमी पार्टी राजधानी में उनके रोड शो और जनसभाओं की रूपरेखा बनाने में जुट गई है। मुख्यमंत्री आप के साथ-साथ सहयोगी दलों की सीटों पर भी प्रचार करेंगे। लंबे समय से केजरीवाल चुनाव से पहले और बाद में सीपी के हनुमान मंदिर जाते रहे हैं। इस बार हनुमान जयंती पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल अकेली ही हनुमान मंदिर पहुंची थीं और उन्होंने कहा था कि जल्दी सर जी के साथ आऊंगी। जेल से अंतरिम जमानत पर छूटने के बाद केजरीवाल ने सबसे पहले हनुमान मंदिर जाने की घोषणा की है। इसके बाद वह पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे। अब तक पार्टी का चुनाव प्रचार 'जेल का जवाब वोट से' नारे पर चल रहा था। केजरीवाल के जेल से छूटने के बाद आप चुनाव प्रचार तेज करेगी। छोटी जनसभा और रोड शो के साथ सोशल मीडिया पर भी पार्टी प्रचार तेज करेगी। सीएम की गिरफ्तारी पर वह केंद्र सरकार पर विपक्ष को जबरन जेल में डालने का आरोप लगाती रही है, अब मुख्यमंत्री खुद इस मामले पर कमान संभालेंगे।

# तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर का पहला सी-ट्रायल चीन ने किया पूरा

### -ड्रेगन का टारगेट 2030 तक नेवी में 5 से 6 एयरक्राफ्ट कैरियर शामिल करना है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर का पहला सी-ट्रायल पूरा कर लिया है। यह ट्रायल आठ दिन का था और यह सफल भी रहा। चीन ने कुछ महीने पहले ही अपना चौथा एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने का ऐलान किया है। चीन का चौथा एयरक्राफ्ट कैरियर न्यूक्लियर पावर सुपर कैरियर होगा।

चीन ने पहला एयरक्राफ्ट कैरियर लियोनिंग 2012 में कमिशन किया था। 2017 में दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर शेडिंग लॉन्च किया। तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियन का पहला ट्रायल हो गया है और करीब दो साल तक इसके ट्रायल होंगे। चीन का ये अबतक का सबसे बड़ा और अडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। इसका वजन 79000 टन है। इसका फाइटर जेट लॉन्च सिस्टम-इलैक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम (ऐमल्स) है। अभी यूएस के पास जो दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर है, जैराल्ड फोर्ड उसमें यह लॉन्च सिस्टम है। चीन के पास जो दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं उनमें स्की जंप सिस्टम है। ऐमल्स सबसे अडवांस्ड सिस्टम है और इससे एयरक्राफ्ट आराम से टेकऑफ कर सकते हैं और भारी फाइटर जेट को भी टेकऑफ किया जा सकता है। जिससे पे लोड कैपिसिटी बढ़ जाती है। चीन ने पहले ही ऐलान किया था कि उसका टारगेट 2030 तक अपनी नेवी में 5 से 6 एयरक्राफ्ट कैरियर शामिल करने का है।

1990 के बाद से चीन ने अपनी आर्मी की जगह पर नेवी के विस्तार पर ज्यादा फोकस किया है। इंडियन ओशन रीजन में भी चीन अपनी गतिविधियां बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। एयरक्राफ्ट कैरियर किसी भी देश की नेवी को वह क्षमता देता है कि वह एयरक्राफ्ट लगातार बिना किसी रुकावट के ऑपरेट कर सकते हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरकर जब एयरक्राफ्ट दूसरे शिप को एक प्रोटेक्टिव अंब्रेला देता है तो दूसरे वॉर शिप जैसे फ्रिगेट और डिस्ट्रॉयर अपना ऑफेंसिव टास्क पूरा करते हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर एक तरह से पानी में तैरता एयरबेस है और समंदर में बादशाहत के लिए अहम माना जाता है।

## ब्राजील में तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हुई

साओ पाउलो। दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हो गई है। एक समाचार एजेंसी ने नागरिक सुरक्षा एजेंसी से जारी आंकड़ों के हवाले से बताया ?कि 143 लोग लापता हैं, 756 घायल हुए हैं और लगभग चार लाख लोगों ने अपने स्थानों को छोड़ दिया है। एजेंसी ने कहा कि तूफान से कुल 1,947,372 लोग प्रभावित हुए हैं। जबकि 70,863 लोगों को सुरक्षाबलों और बचावकर्ताओं ने बचाया। गुइबा नदी में बाढ़ आने के बाद पोर्टो एलेग्रे का सालगाडो फिल्हो अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा सेवा से बाहर हो गया है। 29 अप्रैल के बाद से बारिश और बाढ़ ने अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा पर स्थित शीर्ष कृषि और पशुधन उत्पादक रियो ग्रांडे डो सुल के इतिहास में सबसे खराब जलवायु त्रासदी का कारण बना है, जहां 437 से अधिक नगर पालिकाएं तूफान से पीड़ित हुई हैं।

## वार्ता फेल होने के बाद रफा पर इजरायल का हमला तेज

गाजा। मिस्र के काहिरा में इजरायल-हमास संघर्ष विराम वार्ता विफल होने के बाद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर भारी बमबारी शुरू कर दी है। अभी ये पता नहीं चला है कि इस हमले में कितने लोग मारे गए हैं। रफा में कुवैत अस्पताल का संचालन काफी हद तक बंद हो गया है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि रफा में इजरायली बमबारी तेज होने के बाद लगभग एक लाख दस हज़ार लोग रफा से भाग गए हैं।

## खान यूनिस की सुरंगों में छिपा है याह्या सिनवार

तेलअवीव। हमास नेता और इजराइल पर हमलों का मास्टर माइंड याह्या सिनवार राफा में नहीं है। ये जानकारी ऐसे वक्त आई है जब नेतन्याहू हमास की लीडरशिप के खात्मे के लिए राफा में इजराइली सैनिकों को घुसाने की तैयारी में हैं। अधिकारियों के मुताबिक हाल ही की इंटेलिजेंस के मुताबिक सिनवार राफा से 5 मील दूर खान युनिस की सुरंगों में छिपा है। उसे आखिरी बार फरवरी में हमास की बनाई सुरंगों से गुजरते हुए देखा गया था। वो अपने परिवार के लोगों के साथ था। इस जानकारी के बावजूद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा के आखिरी बचे शहर राफा में मिलिट्री ऑपरेशन को जरूरी बता रहे हैं। उनका कहना है कि वे हमास की लीडरशिप का जड़ से मिटाने के लिए राफा में घुस रहे हैं। जबकि अमेरिका भी इसका विरोध कर रहा है।

## संयुक्त राष्ट्र का दावा अफगानिस्तान में बाढ़ से 200 लोगों की मौत , तालिबान सरकार ने 62 मौतों की पुष्टि की

जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उत्तरी अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण एक ही प्रांत में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र के इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बताया कि भारी बारिश के कारण बघलान प्रांत में 200 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घर नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए। आईओएम आपातकालीन प्रतिक्रिया नेतृत्व ने अफगानिस्तान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आंकड़ों का हवाला देकर कहा, सिर्फ बघलानी जदीद जिले में 1,500 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए और 100 से अधिक लोग मारे गए। वहीं तालिबान सरकार के अधिकारियों ने कहा कि अब तक 62 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक बयान में मृतकों और घायलों की संख्या में अंतर किए बिना कहा कि हमारे सैकड़ों साथी नागरिक इन विनाशकारी बाढ़ के कारण मारे गए हैं। अफगानिस्तान के कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई, उत्तरी तखर प्रांत के अधिकारियों ने शनिवार को 20 लोगों की मौत की सूचना दी। अफगानिस्तान, जहां अपेक्षाकृत शुष्क सर्दी थी, जिससे मिट्टी के लिए वर्षा को अवशोषित करना अधिक कठिन हो गया, जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। चार दशकों के युद्ध से तबाह हुआ यह देश दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है और वैज्ञानिकों के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग के परिणामों का सामना करने के लिए सबसे खराब तैयार देशों में से एक है।

## पूर्वी कांगो में विस्थापितों के शिविर पर बमबारी... 35 की मौत

कांगो। पूर्वी कांगो में विस्थापितों के दो शिविरों पर पिछले सप्ताह हुई बमबारी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई, जबकि दो लोगों की हालत बेहद नाजुक है। उत्तर किवु राज्य में शिविरो पर हमले हुए थे। पूर्वी कांगो के मुगुंगा और लैक वर्ट शिविरों पर बमबारी के लिए कांगो की सेना और विद्रोही समूह 'एम23' एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस हमले के आरोप 'एम23' और पड़ोसी देश रवांडा की सेना पर लगाएं हैं। एम23 एक सशस्त्र समूह है जिसमें तुत्सी जनजाति के लोग शामिल हैं। ये समूह कांगो की सेना से 12 साल पहले अलग हुआ था। कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स टी ने पड़ोसी देश रवांडा पर एम23 विद्रोहियों का समर्थन कर कांगो में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया है।

## अफगानिस्तान में 4.5 तीव्रता का आया भूकंप, बाढ़ ने ली कई जानें

काबुल। अफगानिस्तान में आज सुबह 6.16 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.5 आंकी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। इस बीच अफगानिस्तान के बगलान में अचानक आई बाढ़ ने 50 लोगों की जान ले ली, जबकि कई लोग लापता हो गए। घर और संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गये। इस त्रासदी के बाद बचाव दल भेजे गए। बता दें कि पिछली अप्रैल में आई बाढ़ में 70 लोगों की मौतें हुईं थी। संपत्ति की नुकसान पहुंचा और कृषि को नुकसान हुआ था। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार की रात धूल भरी आंधी के बाद शनिवार की सुबह दिल्ली में ठंडा मौसम रहा। दिल्ली में तापमान तुलनात्मक रूप से गिरा और कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई।

## पोप फ्रांसिस ने इटली के लोगों से की ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील

रोम। पोप फ्रांसिस ने इटली के लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की है। पोप ने लोगों को आगाह किया कि देश का जनसांख्यिकीय संकट भविष्य के लिए खतरा है। पोप ने परिवारों की मदद के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म की संख्या लोगों की उम्मीदों को दर्शाती है। बच्चों और युवाओं के बिना एक देश की भविष्य के प्रति कोई आकांक्षा नहीं रह जाती। इटली में जन्म दर पहले ही काफी कम है और यह 15 वर्षों से लगातार गिर रही है। यह पिछले साल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। देश में पिछले वर्ष 3,79,000 शिशुओं का जन्म हुआ। वेटिकन के मजबूत समर्थन से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने 2033 तक सालाना कम से कम 5,00,000 शिशुओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान शुरू किया है। बीते साल इटली सरकार की ओर से जारी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इटली 15 से 49 साल की औरतों की कमी से जूझ रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच खार्किव में रूसी मिसाइल हमले के स्थल पर काम करते अग्निशामक।

## इजराइल का दावा... याह्या सिनवार अभी भी गाजा में

गाजा। गाजा में हमास की राजनीतिक शाखा के नेता और इजराइल के सर्वाधिक वांछित व्यक्तियों में से एक, याह्या सिनवार, राफा में नहीं हैं, दो अधिकारियों ने कहा कि इजराइल गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में अपने जमीनी हमले के साथ आगे बढ़ रहा है। दो अधिकारियों ने बताया कि हमास नेता राफा से दूर खान यूनिस क्षेत्र में भूमिगत सुरंगों में छिपा हुआ था। इजराइल के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सिनवार अभी भी गाजा में है। मार्च में बताया गया कि याह्या सिनवार के करीबी रिश्तेदार राफा क्रॉसिंग के माध्यम से मिस्र चले गए। हमास के कई अन्य शीर्ष नेता भी अपने रिश्तेदारों और परिवार को गाजा से बाहर मिस्र में सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने में कामयाब रहे हैं।

इजराइल ने याह्या को 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमले का मास्टरमाइंड बताया है, इसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे, और 200 से अधिक अन्य का अपहरण कर लिया गया था। माना जाता है कि बाद के महीनों में इजराइल ने हमास के सैन्य विंग के डिप्टी कमांडर मारवान इस्सा को अन्य वरिष्ठ कमांडरों के साथ मार डाला। हालाँकि, सिनवार और उनके डिप्टी, सैन्य विंग प्रमुख मोहम्मद डेफ का पता नहीं चला है। यह घटनाक्रम तब हुआ है, जब इजराइल ने रफा में जमीनी आक्रमण शुरू कर शहर के पूर्वी हिस्से में एक लक्षित अभियान शुरू किया है। इजराइल ने कहा है कि राफा हमास आतंकवादी समूह का आखिरी गढ़ था। राफा 12 किमी की सीमा पर स्थित है जो गाजा पट्टी को मिस्र से विभाजित करती है और गाजा से लोगों के लिए प्राथमिक निकास बिंदु है।

# एलएसी पर तनाव, जिनपिंग का नया दांव, भारत को मनाने के लिए चीन ने भेजा अपना राजदूत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी एलएसी पर भारत और चीन के बीच गजब का तनाव है और इस तनाव के बीच दोनों देशों के संबंध संकट के दौर से गुजर रहे हैं। तनाव को कम करने की कोशिश दोनों तरफ से सैन्य स्तर पर हुई। लेकिन पहली बार ऐसा हुआ कि चीन की तरफ से आधिकारिक स्तर पर राजनयिक स्तर पर हालात को सुधारने की कोशिश हो रही है। गलवान में भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच झड़प के बाद से भारत और चीन के संबंध सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। इस मुठभेड़ के बाद भारत में 59 चीनी एप्स को बैन किया गया। भारत लगातार चीन पर अपनी निर्भरता को घटाने में लगा हुआ है। इन सब के बीचचीन भारत में जी-20 सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 18 महीने से अपने राजदूत कि नियुक्त भारत में नहीं की। भारत में चीनी एबेंसी खाली पड़ी थी। इन सब के बीच अब चीन और भारत में बातचीत का कोई दौर नहीं रहा तो तनाव को कम करने के लिए चीन ने अपने राजदूत की नियुक्ति कर दी। वो भी तब जब चीन की तरफ से भारत के एक राज्य अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना दावा जताया था। इससे भी भारत खफा है।

### 18 महीने बाद भारत में चीनी राजदूत

भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। भारत में चीन के राजदूत का पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

### दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास

शूने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा कि यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

## म्यांमार के बाद भारत के इस पड़ोसी देश को चीन ने लगाया चूना

### -बेच दिए अपने कबाड़ हो चुके हथियार

**ढाका (एजेंसी)।** म्यांमार को पाकिस्तान में बने घटिया जेएफ-17 फाइटर जेट सप्लाई करने के बाद अब चीन के हथियारों की एक और पड़ोसी देश में पोल खुल गई है। चीन ने हाल के वर्षों में 2.59 अरब डॉलर के हथियार बांग्लादेश सेना को ब्रिकी किए है। इससे चीन बांग्लादेश का मुख्य हथियार सप्लायर देश बनकर उभरा है। चीन की मंशा है कि वह भारत के एक और पड़ोसी देश को अपने पाले में लाकर प्रभाव को बढ़ाया ले। वहीं बांग्लादेश भी गुपचुप भारत के दुश्मन से दोस्ती बढ़ा रहा है। अब खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश ने चीन से एफ-7 फाइटर जेट खरीदा है, जो तकनीकी गड़बड़ियों का शिकार हो गया है। रिर्पोट के मुताबिक चीन के घटिया हथियारों से न केवल खरीदने वाले देशों का पैसे का नुकसान हो रहा है, बल्कि जिस सुरक्षा के लिए उन्हें खरीदा जाता है, वह भी नहीं हो पा रही है। हाल के वर्षों में बांग्लादेश की सेना ने कई बार चीनी कंपनियों से शिकायत की है। उन्हें अपने गश्ती समुद्री जहाजों के लिए कलपुर्जे नहीं मिल पा रहे हैं। साथ ही उसमें तमाम गड़बड़ियां मिल रही हैं। इनमें प्रमुख नाम एफ-7 फाइटर जेट का है जो कई तकनीकी गड़बड़ियों से जूझ रहा है। चीन ने फाइटर जेट में जो रेडॉर लगाया है, वह भी सटीक जानकारी नहीं दे रहा है। इसमें मिसाइल और इंटरसेप्शन रेडॉर की भी कमी है।

इतना ही नहीं बांग्लादेश की एयरफोर्स को चीन के बनाए हुए के -8वॉट एयरक्राफ्ट से बम गिराने में दिक?कत हो रही है। इस विमान को साल 2020 में चीन ने दिया था लेकिन तभी से यह समस्या बनी हुई है। यही नहीं बांग्लादेश की सेना ने जो शॉर्ट रेंज के डिफेंस सिस्टम खरीदे थे, वे खराब निकले हैं। इसके अलावा टैंक के गोले और टैंक के कलपुर्जे की सप्लाई को लेकर दोनों देशों में विवाद है। इसी तरह से बांग्लादेश की नौसेना को मिले चीनी युद्धपोत और हथियार सवालों के घेरे में हैं। बताया जा रहा है कि पहले घटिया हथियार देने वाला चीन अब रिपेयर के नाम पर खूब पैसे मांग रहा है। चीन ने बांग्लादेश को पहले बहुत कम दाम में सबमरीन बेची थी लेकिन अब वे बेकार निकल रही हैं।

## एलन का ऐलान : ये आखिरी चुनाव होगा जिसमें अमेरिकी नागरिकों की होगी भूमिका

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने हाल ही दावा किया है कि 2024 का अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव अंतिम चुनाव होगा, जिसमें अमेरिकी नागरिकों की सीधी भूमिका होगी। उन्होंने अमेरिका में रह रहे अवैध आप्रवासियों के प्रभाव के बारे में चिंता जतायी है। मस्क का यह बयान हाउस रिपब्लिकन द्वारा पारित एक नए बिल को लेकर आया है, जिसमें राष्ट्रीय जनगणना में नागरिकता के प्रश्न को शामिल करने की तैयारी है। इस कदम का व्हाइट हाउस और डेमोक्रेट के सांसदों के द्वारा विरोध किया गया है। बता दें कि अगर इस बिल को लागू किया जाता है तो इसका असर ऐसे राज्यों में देखने को मिलेगा, जहां अप्रवासियों की बड़ी आबादी है। कांग्रेस में आप्रवासियों का प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। इस बिल के आलोचकों का तर्क है कि यह चौदहवें संशोधन का उल्लंघन करता है, जिसके तहत जनगणना के दौरान प्रत्येक राज्यों में व्यक्तियों की पूरी संख्या की गिनती करना अनिवार्य है। मस्क के इस बयान से इमिग्रेशन और लोकतंत्र पर इसके प्रभाव को लेकर अमेरिकी समाज और और

वहां की राजनीति में गहराते विभाजन को उजागर करते हैं। इससे यही प्रतीत होता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी का बिल का विरोध इसलिए कर रही है कि गैर अमेरिकी नागरिकों की मदद से वह अपना चुनावी बेस बढ़ा सके। रिपोर्ट के अनुसार, इस बिल को चुनाव संबंधित किसी भी बंटवारे के लिए उपयोग की जाने वाली जनगणना से अमेरिका के स्थायी नागरिकों को छोड़कर बाकी को बाहर करने के लिए तैयार किया गया है। इसका मतलब यह हुआ कि सिर्फ अमेरिका के स्थायी नागरिकों की संख्या के आधार पर ही कांग्रेस की सीटों की संख्या तय की जाएगी। सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने इस बिल का बचाव किया है। उन्होंने कहा है कि यह सामान्य ज्ञान है कि केवल अमेरिकी नागरिकों को चुनावी बंटवारे के लिए गिना जाना चाहिए।

# यूएनजीए ने फिलिस्तीन की सदस्यता को विशेष दर्जा देने कराया मतदान

### - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अमेरिकी वीटो को किया दरकिनार

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने फिलिस्तीन की सदस्यता को विशेष दर्जा देने के लिए मतदान कराया, इस मतदान का उद्देश्य पूर्ण सदस्यता पर अमेरिकी वीटो को रोकना था। गाजा पर इजरायल के हमले और युद्धविराम की कोशिशों के बीच में ऐतिहासिक प्रस्ताव को भारत, फ्रांस, चीन, रूस और जापान समेत 143 वोटों के साथ अपनाया गया, जबकि अमेरिका और इजरायल समेत नौ वोट विपक्ष में गिरे। पिछले माह सुरक्षा परिषद में पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की बोली के एकमात्र अमेरिकी वीटो को खारिज करते हुए ब्रिटेन, कनाडा और कई यूरोपीय सदस्यों समेत 25 सदस्य गैरहाजिर रहे।

अमेरिका और इजरायल के अलावा हंगरी, चेकिया, अर्जेंटीना, माइक्रोनेशिया, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और नाउरू ने इसका विरोध किया। फिलिस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक रियाद मंसूर ने मतदान से पहले कहा था कि इसका समर्थन करना शांति में निवेश और सही कदम है। एक पर्यवेक्षक देश बने रहने के दौरान फिलिस्तीन को महासभा के कार्यालयों में चुने जाने, अन्य पर्यवेक्षकों के साथ पीछे रहने के बजाय नियमित सदस्य देशों के बीच बैठने और निकाय के समक्ष मामलों में संशोधन पेश करने का अधिकार मिलता है और विभिन्न प्रक्रियात्मक मामलों में भाग लेते हैं। लेकिन इसकी विशेष सदस्यता इसे विधानसभा में मतदान करने या संयुक्त राष्ट्र के अन्य निकायों में सदस्यता लेने की अनुमति नहीं देगी। सुरक्षा परिषद को पूर्ण सदस्यता के विपरीत, विशेष दर्जे को मंजूरी नहीं देनी होगी, जिस पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। अल्जीरिया द्वारा प्रस्तावित और बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और मालदीव द्वारा सह-प्रायोजित प्रस्ताव में परिषद से पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के अनुरोध पर पुनर्विचार करने के लिए भी कहा गया।

अमेरिकी उप स्थायी प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने चेतावनी दी कि इसे वीटो कर दिया जाएगा। राजनयिकों के बीच व्यापक विचार-विमर्श के बाद अपनाया गया यह प्रस्ताव उस अमेरिकी कानून को दरकिनार कर देता है, जिसके तहत पूर्ण सदस्यता देने पर संयुक्त राष्ट्र में उसका योगदान स्वतः ही बंद हो जाता। यह संगठन को पंगु बना देगा, क्योंकि वाशिंगटन संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट का 22 फीसदी और शांति स्थापना बजट का 27 फीसदी योगदान देने वाला सबसे बड़ा देश है।

# हिटलर ने आत्महत्या नहीं की, हार के डर से भाग गया था दूसरे देश !

### -समुद्र में मिली नाजी बोट की जांच के बाद किया दावा

**बर्लिन, (एजेंसी)।** हिटलर जिसका नाम सुनते ही अच्छे अच्छों की रुह कांप जाती है क्योंकि उसके जुल्म की फेहरिस्त बहुत लंबी है। हिटलर ने जर्मनी के करीब 12 साल तक राज किया। एडोल्फ हिटलर के बारे में कहा जाता है कि अप्रैल, 1945 को बर्लिन में हिटलर ने अपने बंकर में आत्महत्या कर ली थी। हिटलर ने दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी की हार होने के बाद ये कदम उठाया था। हिटलर की मौत के बारे में कई तरह के दावे भी किए जाते रहे हैं। हिटलर की मौत के बारे में कई परस्पर विरोधी रिपोर्ट सामने आई, जिनमें एक ये भी है कि हिटलर मरा नहीं था बल्कि समुद्र के रास्ते दूसरे देश भागा गया था। इसके पक्ष में ये तर्क दिया जाता है कि किसी ने कभी हिटलर का शव देखा नहीं था। हिटलर के भागने की खबर एक बार फिर फैल रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण अटलांटिक महासागर के तल पर डूबी एक रहस्यमय बोट के बारे में ये पुष्टि हुई है कि ये द्वितीय विश्व युद्ध में डूबी नाजी यू-बोट थी। यह भी दावा किया जा रहा है कि इस बोट से ही हिटलर जर्मनी से निकला था। जहाज की पानी के नीचे खुदाई दो साल पहले शुरू की गई थी, जब यह अर्जेंटीना के क्वेक्वेन के तट पर समुद्र तल पर 80 फीट से अधिक नीचे पाई गई थी। इसके बाद ये भी दावे किए जा रहे थे कि हिटलर जर्मनी से जिंदा भाग निकला था। कई इतिहासकारों का मानना है कि इस बोट का इस्तेमाल हिटलर और दूसरे नाजियों को जर्मनी से निकालने के लिए किया गया था। इटालियन नेवल लीग के नाजी युग के हथियार विशेषज्ञ फैबियो बिस्सिओटी ने इसकी यू-बोट होने की पुष्टि की।

एक नई जांच से पता चलता है कि हिटलर जैसे जर्मन नेता दक्षिण अमेरिका भाग सकते थे। वयोवृद्ध नाजी शिकारी एबिल बस्टी ने कहा कि मेरे शोध में अधिकांश प्रत्यक्ष साक्ष्य हैं और मेरी आखिरी पुस्तक युद्ध के बाद यानी दक्षिण अमेरिका में निर्वासन में हिटलर की तस्वीरें प्रस्तुत करती है। साफ है कि हिटलर ने 1945 में आत्महत्या नहीं की थी बल्कि 80 साल की उम्र में वह दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में चिली, ब्राजील, बोलीविया, कोलंबिया और पैराग्वे की यात्रा करते उसकी मौत हुई थी।

हिटलर-हिज लाइफ एंड हिज डेथ नाम की किताब लिखने वाले सिमोनी रेनी ग्युरेरो डायस कहते हैं कि हिटलर ना केवल बंकर से भाग निकला था और ब्राजील पहुंच गया था और



1984 तक जिंदा रहा। उसकी मौत 95 साल की उम्र में हुई। सिमोनी का ये भी दावा है कि हिटलर का ब्राजील में अश्वेत महिला के साथ संबंध भी रहा है। खैर कुछ भी हो हिटलर की मौत आज भी एक रहस्य ही बनी हुई है।

# एक दशक में दो बार भारतीय टीम हाथ आया खिताब नहीं जीत पायी

एजेंसी, मुम्बई

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अगले माह होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप में खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगा देगी। इसका कारण है कि वह पिछले एक दशक से खिताब नहीं जीत पायी है। इस एक दशक में भी दो बार खिताब उसके हाथ के बेहद करीब आकर निकल गया। ये था साल 2014 का टी20 विश्वकप और 2023 एकदिवसीय विश्वकप। इन दोनो ही बार भारतीय टीम फाइनल में जाकर हारी। उससे पहले के सभी मुकाबले भारतीय टीम ने जीते थे। यहां तक कि तकरीबन सभी आंकड़े भी एक समान थे। साल साल 2007 में चैंपियन बनने के अलावा भारतीय टीम 2014 के टी20 विश्वकप में फाइनल में पहुंची थी पर टीम को खिताबी मुकाबले में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। टी20 विश्वककप 2014 और एकदिवसीय विश्वकप 2023 में कई समानताएं हैं। एकदिवसीय विश्वकप 2023 की तरह 2014 के टी20 विश्वकप में भी भारतीय टीम ने अपने विरोधियों के खिलाफ सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी थी हालांकि फाइनल में खराब प्रदर्शन से उसे हार मिली थी। टी20 विश्वकप 2014 और एकदिवसीय विश्वपक 2023 में भारतीय टीम ने फाइनल से पहले अपने सभी मैच आसानी से जीते थे। इन दोनों ही टूर्नामेंट के फाइनल से पहले भारतीय टीम कोई भी मैच नहीं हारी थी पर फाइनल में एक दिन के खराब प्रदर्शन से उसके हाथों से खिताब निकल गया था। दोनों ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम का पाकिस्तान पर जीत के साथ-साथ फाइनल में मिली हार का अंतर एक समान था। टी20 विश्वकप 2014 में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था और 2023 विश्वकप में भी टीम इंडिया ने 'पड़ोसी देश' को इसी अंतर से हराया था। वहीं इसी प्रकार टी20 विश्वकप 2014 के फाइनल में भारत को श्रीलंका ने 6 विकेट से हराया था। वहीं विश्वप 2023 के फाइनल में भी भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने इतने ही अंतर से हाराया था। दोनों ही टूर्नामेंटों में भारतीय टीम केवल फाइनल में ही हारी थी। विराट कोहली इन दोनों ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। टी20 विश्वकप 2014 के 6 मैचों में तीन बार नाबाद रहते हुए विराट ने 106.33 के औसत और 129.14 के स्ट्राइक रेट से सबसे अधिक 319 रन बनाए थे। वहीं इसी प्रकार विश्वकप 2023 में उन्होंने 11 मैचों में तीन बार नाबाद रहते हुए 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 765 रन बनाए थे। उनके 319 रन अब तक टी20 विश्वकप और 765 रन एकदिवसीय विश्वकप में किसी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। दोनों ही टूर्नामेंट में रोहित शर्मा शीर्ष पांच बल्लेबाजों में थे। रोहित ने टी20 वर्ल्डकप 2014 के छह मैचों में एक बार नाबाद रहते हुए 200 रन बनाए थे और रनों के मामले में चौथे नंबर पर रहे थे जबकि विश्वकप 2023 के 11 मैचों में 597 रन बनाकर वे विराट के बाद दूसरे नंबर के बल्लेबाज रहे थे।

# तेज गेंदबाज एंडरसन ने किया क्रिकेट से सन्यास का ऐलान

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड के मशहूर और तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने वाले हैं। 700 टेस्ट विकेट लेकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराने वाले तेज गेंदबाज ने यह अहम फैसला लिया है। आगामी घरेलू सत्र के बाद एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एंडरसन इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के भारत दौरे में टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने थे। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने बताया है कि वे ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 एशेज पर नजर रखते हुए भविष्य की ओर देख रहे हैं, जिसका मतलब है कि 41 साल के खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय करियर पूरा होने वाला है। जेम्स एंडरसन के नाम सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड है। वह सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर आते हैं। सचिन ने सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। जेम्स एंडरसन ने अब तक 187 टेस्ट मैच खेले हैं। इंग्लैंड इस साल घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेलने को तैयार है और उनमें से एक मैच उनके घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड पर होगा। वह मैच दाएं हाथ के गेंदबाज के लिए आखिरी हो सकता है। एंडरसन ने मई 2003 में शुरू हुए अपने करियर में इंग्लैंड के लिए 194 वनडे और 19 टी20 के साथ 187 टेस्ट खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट के साथ सर्वकालिक सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में वह शेन वार्न (708) और श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) के बाद तीसरे स्थान पर है।

# टी 20 विश्व कप के लिए ओपनिंग विराट से कराओ : सौरव गांगुली

एजेंसी, नई दिल्ली

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने कहा है कि टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग विराट कोहली को करनी चाहिए। मालूम हो कि आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2024 के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है। टी20 वर्ल्डकप के 9वें संस्करण का शुभारंभ अमेरिका और कनाडा के मैच से होगा। टीम इंडिया अपना पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। स्टार क्रिकेटर की प्रशंसा करते हुए सौरव गांगुली ने कहा," विराट सच में कमाल का खेल रहे हैं। पिछली नाईट विराट ने जो बल्लेबाजी की वो देखने लायक थी। उन्होंने जल्दी ही 90 रन बनाए। आपको उन्हें टी20 विश्व कप में ओपन करवाना चाहिए। उन्हें ओपन करना चाहिए ये उन्होंने पिछली कुछ इनिंग्स में कर के दिखाया है। भारत का स्क्वॉड काफी अच्छा है। बैटिंग में भी गहराई है साथ ही बॉलिंग खेमा भी शानदार नजर आ रहा है। गांगुली ने इससे पहले कहा था कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच फाइनल होगा। गांगुली ने कहा था सौरव गांगुली ने इस मेगा इवेंट पर बात करते हुए कहा," इस टूर्नामेंट के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया सबसे बेहतरीन दो टीमें हैं। मैं श्योर हूं कि ये दोनों टीमें अमेरिका और वेस्टइंडीज में भी 2023 वाला कारनामा करेगी। भारत का स्क्वॉड काफी अच्छा है। सभी मैच विनर खिलाड़ी हैं। मुझे पता है रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने बेस्ट 15 खिलाड़ियों को चुना है।"बता दें कि विराट कोहली आईपीएल के इस सीजन 12 पारियों में 634 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनके बल्ले से छह अर्धशतक निकल चुके हैं। विराट का औसत 70 से ज्यादा का रहा है।

# ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में हैं अभिषेक शर्मा

एजेंसी, नई दिल्ली

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा आईपीएल के 17वें सीजन में अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में हैं। अभिषेक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने शानदार चेज किया था और 10 ओवर के अंदर ही मैच को खत्म कर दिया था। उन्हें माता पिता से जुड़ी एक स्टोरी सुनाई थी। अभिषेक शर्मा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उनके माता पिता मैच देखने के लिए आने वाले थे। लेकिन मेरी गलती की वजह से ऐसा नहीं हो सका। अभिषेक ने कहा, " मैं मैच के बाद अपनी मम्मी और पापा से बात कर रहा था। वो मैच देखने के लिए शामिल होने वाले थे। लेकिन दुर्भाग्य से मैंने उनकी टिकट हैदराबाद की जगह अमृतसर बुक कर दी थी।" अभिषेक शर्मा आईपीएल 2024 में 12 मैचों में 401 रन बना चुके हैं जिसमें 2 हाफ सेंचुरी शामिल है। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 205.64 रही है। अभिषेक का बेस्ट स्कोर नाबाद 75 रन रहा है जो उन्होंने लखनउ सुपर जॉयंट्स के खिलाफ बनाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने एलएसजी के खिलाफ 28 गेंदों पर 8 चौके और 6 छक्के जड़े थे। इस मुकाबले में उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर रिकॉर्ड 167 रन की साझेदारी की। हैदराबाद ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपनी दावेदार मजबूत कर ली है।

## व्यापार

# शेयर बाजार में दो दिन बढ़त, तीन दिन गिरावट रही, सेंसेक्स 260 अंकों की बढ़त के साथ 72,664 पर बंद

एजेंसी, मुंबई



वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों की वजह से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में दो दिन बढ़त और तीन दिन गिरावट देखी गई। बाजार के जानकारों के मुताबिक विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते लगातार तीन दिन गिरावट की मार झेल रहे घरेलू शेयर बाजार को सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को थोड़ी राहत मिली है। अक्षय तृतीया पर घरेलू दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी बाजार के लिए गोताखोर साबित हुए हैं और इन दोनों कंपनियों के शेयरों ने सेंसेक्स-निफ्टी को गिरावट से बाहर निकालने में अपनी ताकत दिखाई। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स 235.82 अंकों की बढ़त के साथ 74,106.15 पर खुला और 17.39 अंकों की बढ़त के साथ 73,895.54 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 7.36 अंक ऊपर 22,483.20 पर खुला और 33.15 अंक टूटकर 22,442.70 पर बंद हुआ। सुस्त शुरुआत के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में बड़ी बिकवाली दिखी। शुरुआती कारोबारी सेशन के बाद बाजार में निवेशकों ने अपने करीब 5.49 लाख करोड़ रुपये गंवा दिए। इस दौरान सेंसेक्स 601 अंक फिसलकर 73,294 पर खुला और 383.69 अंक टूटकर 73,511.85 पर बंद हुआ। निफ्टी 85.75 अंकों की तेजी के साथ 22,561 के लेवल पर खुला है.और 140.21 अंक टूटकर 22,302.50 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 160.88 अंक फिसलकर 73,350.97 के स्तर पर खुला और 45.46 अंक टूटकर 73,466.39 पर बंद हुआ। निफ्टी 26.25 अंक फिसलकर 22,276.25 के स्तर पर खुला और 40 अंक फिसलकर 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 33 अंकों की बढ़त के साथ 73499 पर खुला और 1062.22 अंक या 1.45 फीसदी गिरकर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 77 अंकों के नुकसान के साथ 22224 पर खुला। निफ्टी 77 अंकों के नुकसान के साथ 22224 पर खुला और 335.40 अंक या 1.5 प्रतिशत लुढ़क कर 21,967.10 अंक पर बंद हुआ।

# अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी की बंपर खरीदी हुई

**एजेंसी, नई दिल्ली** : अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को देशभर में सोने-चांदी की बंपर खरीद हुई। जिससे दोनों ही धातुओं की कीमत में जोरदार उछाल भी दिखा। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया तो चांदी 85 हजार से कहीं ऊपर पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे भी सोने-चांदी में तेजी रुकेगी नहीं और साल के आखिर तक दोनों के भाव नई ऊंचाई पर होंगे। दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार 10 मई को सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई. पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना 24 कैरेट 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है। वैश्विक बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# गुणवत्ता खराब हुई तो मसाला कंपनियों का लाइसेंस होगा निरस्त !

एजेंसी, नई दिल्ली

सरकार ने मसालों की गुणवत्ता के बारे में शिकायतें आने के बाद सख्त रवैया अपना लिया है। एक आला अधिकारी ने बताया कि अगर मसाला बनाने वाली कंपनी डिब्बाबंद मसाला उत्पादों में कीटनाशकों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक रखी तो सरकार उसका लाइसेंद रद्द किया जा सकता है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देश भर से मसालों के 1,500 से अधिक नमूने एकत्र किए हैं। एफएसएसएआई फिलहाल इन नमूनों की जांच कर इनमें रसायन, सूक्ष्मजीव, माइक्रोटॉक्सिन्स, सूडान डाई और एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) सहित 234 कीटनाशकों की मात्रा का पता लगाने में जुट गई है। देश भर में एफएसएसएआई के 1,500 से अधिक परीक्षण केंद्र हैं। अधिकारी ने बताया कि इन नमूनों की जांच रिपोर्ट 15 दिनों में आ जाएगी। खाद्य नियामक ने बाजार में उपलब्ध मसालों की गुणवत्ता परखने के लिए 25 अप्रैल को पूरे देश में मुहिम शुरू की है। इससे पहले हॉन्ग कॉन्ग में सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और सिंगापुर फूड एजेंसी ने भारत के दो मसाला ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट स्पाइसेस के मसाला उत्पादों में ईटीओ मौजूद होने का दावा किया था। इन शिकायतों के बाद एफएसएसएआई ने यह कदम उठाया है। सूत्रों ने कहा कि नियामक ने मसाला बनाने वाली सभी कंपनियों से नमूने एकत्र किए हैं। नियामक बाजार में उपलब्ध शिशु आहार के नमूने की भी जांच कर रहा है। सरकारी अधिकारी ने कहा कि इस जांच के नतीजे भी अगले 15 दिनों में मिल जाएंगे। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार सुरक्षा आयोग (एनसीपीसीआर) ने एफएसएसएआई को बाजार में मिल रहे शिशु आहार में चीनी की मात्रा जांचने के निर्देश दिए हैं। स्विट्जरलैंड की एक गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) पब्लिक आई की एक रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है।

# लग्जरी घरों की बिक्री 5 साल में तीन गुना बढ़ी

एजेंसी, नई दिल्ली

देश में महंगे मकानों की मांग में जोरदार तेजी देखी जा रही है। पिछले पांच साल में लग्जरी घरों की बिक्री सात फीसदी से तीन गुना बढ़कर 21 फीसदी पर पहुंच गई है। सस्ते मकानों की बिक्री 37 फीसदी से 17 फीसदी घटकर 20 फीसदी पर आ गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल जनवरी-मार्च में शीर्ष सात शहरों में कुल 1.30 लाख घर बिके हैं। इनमें 27,070 मकान यानी 21 फीसदी लग्जरी रहे हैं। सबसे ज्यादा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 15,645 मकानों की बिक्री हुई है, जो कुल बिक्री का 39 फीसदी है। इनकी कीमत 1.5 करोड़ से पांच करोड़ रुपये के बीच रही है। 2024 की पहली तिमाही में शीर्ष-7 शहरों में लगभग 1,10,860 घर लॉन्च हुए। 28,020 मकान (25 फीसदी) लग्जरी थे। सिर्फ 19,980 यानी 18 फीसदी सस्ते वाले मकान थे। पांच साल पहले 2019 की समान अवधि में इन शहरों में 70,480 घर बने। तब सस्ते मकानों की हिस्सेदारी 44 फीसदी थी। लग्जरी का सिर्फ 9 फीसदी हिस्सा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना के बाद सस्ते मकानों की मांग कम हो गई। अब लोग बड़े घर तलाश रहे हैं। यही कारण है कि ऐसे मकानों की कीमतें भी बढ़ी हैं।

## 23 मई को लांच होगी किआ की इलेक्ट्रिक कार ईवी 3

एजेंसी, मुंबई

किआ अपनी नई इलेक्ट्रिक कार ईवी 3 लाने की तैयारी में है। 23 मई को ग्लोबली गाड़ी से पर्दा उठने वाला है। हाल ही में कंपनी ने इसकी कुछ तस्वीरें जारी की हैं, इसमें गाड़ी की खूबियों की जानकारी मिल रही है। इलेक्ट्रिक कार में बॉक्सी रियर फेंडर और टेलगेट के साथ सिग्नेचर स्टार मैप लाइटिंग दी गई है, जो इसे आकर्षक लुक प्रदान करती हैं। यह गाड़ी इलेक्ट्रिक वोल्वो एक्स 30 को टक्कर देगी। इस इलेक्ट्रिक कार में एलईडी हेडलाइट्स, एलईडी डीआरएल, रिवर्स पार्किंग सेंसर, रूफ रेल जैसे फीचर्स को साफ तौर पर देखा जा सकता है। इसके अलावा इसमें ड्यूल टोन पेंट स्कीम का उपयोग किया जाएगा। इसके पूरे डिजाइन में ब्लैक इंसर्ट्स का इस्तेमाल किया गया है।

# दाल, आलू और प्याज की बढ़ती कीमतों ने जायके पर डाला असर

एजेंसी, नई दिल्ली

दाल, आलू और प्याज जैसी खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों ने लोगों के जायके पर असर डाला है। आलम यह है कि महंगाई का असर अब वेज थाली पर भी दिखने लगा है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक साल में वेज थाली 4 प्रतिशत महंगी हो चुकी है। पिछले साल जिस थाली के लिए लोगों को 25.4 रुपये देने पड़ते थे, अब उसी थाली पर 27.4 रुपये खर्च करने होंगे। हालांकि नॉन वेज थाली 4 प्रतिशत सस्ती हुई है। अब इसकी कीमत 58.9 से घटकर 56.3 रुपये हो गई है। दाल, आलू और प्याज की लगातार बढ़ती कीमतों ने लोगों के जायके पर असर डाला है। प्रोटीन और कई विटामिन की अच्छी स्रोत कहे जाने वाली दाल की कीमत लगातार आसमान छू रही है। दिल्ली में अरहर दाल की कीमत में इस महीने लगभग 14 रुपये का इजाफा हुआ और इसकी 170 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई। वहीं प्याज की फसल भी इस बार मौसम की भेंट चढ़ गई। उत्पादन कम हुआ तो इसका असर बाजार में भी दिखने लगा और इस साल फरवरी के महीने में कीमतों में अचानक 40 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई। पिछले दो दिनों में भी इसकी कीमतों में 3 से 4 रुपये का इजाफा हुआ है। आलू के साथ भी यही रहा, पैदावार कम हुआ तो उसका असर मार्केट पर भी पड़ा। और इसकी कीमत बढक़र दिल्ली में 28 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसके अलावा इस साल चुनाव है तो सरकार ने अपना चुनावी वादा पूरा करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर चावल को खरीदा। इसके अलावा इस वर्ष चावल के पैदावार में 4त्न की कमी आई है। कीमतें बढऩे का एक कारण ये भी रहा। फरवरी- 2024 में मुर्गियों में फैले बर्ड- फ्लू जैसी बीमारी की वजह से लोगों ने चिकेन को खरीदना कम कर दिया था। जिस वजह से इसके दामों में 12 प्रतिशत तक की कमी आ गई। इसी वजह से इन थालियों की कीमत कम हो गई। वैसे तो इसका ज्यादा प्रभाव दक्षिण भारत के राज्यों रहा जहां 190 रुपये प्रति किलो बिकने वाला चिकेन 100 रुपये प्रति किलो पर आ गया। हालांकि मार्च के महीने में जब मांग बढ़ी तब इसकी कीमतों में 3 प्रतिशत का इजाफा हो गया। वेज और नॉन वेज थाली में जो एक अंतर है वो ये कि नॉन वेज में दाल की जगह चिकेन होता है, बाकी चावल, टमाटर, आलू ये सब इन दोनों थालियों में समान होता है।

## समाजोत्थान के उद्देश्य वाला 15 सूत्रीय सूरत घोषणा पत्र जारी

# ब्राह्मणों ने जातिगत जनगणना की मांग को किया खारिज

## समाज, राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के कुप्रचार का मुंहतोड़ जवाब देगा विप्र समाज

चमकता राजस्थान

### विप्र फाउंडेशन की सूरत राष्ट्रीय परिषद बैठक में आह्वानः अब चुप बैठने का नहीं, उठ खड़े होने का समय

**सूरत।** विप्र फाउंडेशन ने देश में उठ रही जातिगत जनगणना का पुरजोर शब्दों में विरोध का निर्णय किया हैं। संस्था देश भर में भारतीय संस्कृति व ब्राह्मण विरोधी ताकतों की ओर से किए जा रहे कुप्रचार का मुंह तोड़ जवाब देगी। इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार की जायेगी। जरूरत पड़ने पर उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक सभी ब्राह्मणों को एक मंच पर लाकर सड़कों पर उतरने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा।

विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय परिषद की रविवार को सूरत में बैठक के विचार मंथन में जिन ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई उसमे ब्राह्मणों को टारगेट किए जाने पर विशेष चिंता व्यक्त की और भावी रणनीति का मूर्त रूप दिया गया। बैठक में वक्त-ाओं ने भी एक स्वर में कहा कि सर्व समाज को सदैव साथ लेकर चलने वाले ब्राह्मण को अलग थलग करने का कुचक्र रचा जा रहा है। अब चुप बैठने का नहीं, उठ खड़े होने का समय आ गया है। हालात यह हैं कि सनातन संस्कृति पर लगातार हो रहे हमले के केंद्र बिंदु में भी ब्राह्मण ही निशाने पर हैं। इसके लिए संगठित हो ब्राह्मणों को भी अपनी नींव को मजबूत करना होगा। एक दूसरे का सहारा कैसे बन सकते हैं इसको लेकर भी बैठक में व्यापक विचार विमर्श हुआ।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश में जातिवादी मानसिकता वाले लोग कभी उच्च पदों पर पहुंची ब्राह्मण प्रतिभाओं को निशाना बना रहे हैं तो कभी सवर्ण वर्ग का देश के सारे सिस्टम पर आधिपत्य बता ब्राह्मणों के खिलाफ नफरत पैदा करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

ओझा ने कहा कि जातिगत जनगणना की मांग भी देश को बांटने की कोशिश के तहत उठाई जा रही हैं। सदियों से चले आ रहे आपसी भाईचारे को समाप्त करने के प्रयासों को रोकने की अहम जिम्मेदारी भी प्रबुद्ध समाज होने के कारण हम ब्राह्मणों पर ही आ गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण के तहत सिविल सेवा में 106 प्रतिभाओं को चयन हम सबके लिए बड़ी खुशी लेक र आया है। लेकिन, संविधान प्रदत्त इस अधिकार पर भी उंगली उठाने की कोशिश की जा रही है, जबकि ब्राह्मण कभी भी किसी भी आरक्षण के खिलाफ नहीं रहा ।

विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय परिषद ने पाँच घंटे के गहन विचार मंथन में समाजोत्थान से जुड़ी योजनाओं 15 सूत्री सूरत घोषणा पत्र भी तैयार किया।

### यह भी हुए महत्वपूर्ण निर्णय

» विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय और ज़ोनल कार्यकारिणी में दस प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने का निर्णय किया गया। चैप्टर लेवल पर पच्चीस प्रतिशत पद पचास वर्ष के नीचे वालों के लिए आरक्षित करने का फैसला किया गया । इसका सुझाव प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने रखा जिसे सर्व सम्मति से राष्ट्रीय परिषद ने स्वीकार कर लिया।

### गुरुजी पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर पुनः राधेश्याम शर्मा गुरुजी को अगले दो वर्षो के लिए सर्व सम्मति से चुना गया। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में देशभर से आए 310 प्रतिनिधि मौजूद थे, इनमें संरक्षक सत्यनारायण शर्मा, बनवारी लाल सोती कोलकाता, जगदीश मिश्रा भुवनेश्वर, हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा दिल्ली, राजस्थान के विधायक ताराचंद सारस्वत, पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी, राधेश्याम जी रंगा जोधपुर, प्रोफेसर गौरव वल्लभ, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, राष्ट्रीय समन्वयक श्री किशन जोशी, उपाध्यक्ष , साँवरमल माटोलिया,आर बी शर्मा, भरतराम तिवाड़ी, दीपक पारीक , राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सुनील शर्मा, भगवान व्यास, परमेश्वर शर्मा, रुचि चतुर्वेदी आगरा, प्रमोद पालीवाल,गुजरात अध्यक्ष तुलसी भाई पुरोहित, सूरत अध्यक्ष घनश्याम सेवग शामिल रहे।

### परशुराम तीर्थ क्षेत्र इसी वर्ष राष्ट्र को समर्पित होगा

अरुणाचल प्रदेश स्थित परशुराम कुण्ड पर भगवान श्री परशुराम की 54 फीट ऊँची मूर्ति प्रतिष्ठा प्रकल्प इसी वर्ष राष्ट्र को समर्पण, जयपुर स्थित श्री परशुराम ज्ञानपीठ का शीघ्र शुभारंभ कर कन्या छात्रावास, कोचिंग, वैदिक रिसर्च, कौशल विकास आदि गतिविधियां शुरू करने, रोजगार को प्राथमिकता देते हुए 'विप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज' की बीस शाखाएं खोलने, विप्र ऑनलाइन पोर्टल पर ई-मार्केट स्पेस से हुनरमंद महिलाओं को जोड़ने, प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय कोचिंग, बिना ब्याज के अध्ययन ऋण, भरतपुर व बीकानेर में नए छात्रावास, क्रढअउ के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन दर्शन तथा परशुराम स्थलों के प्रतिजागृति, कन्या विवाह में ''शगुन'' के बतौर 21,000/- की राशि , ''समरसता'' के तहत आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के उत्थान में सहयोगी की प्रखर भूमिका , ''संस्कारोदय'' , ''सामाजिक सरोकार'' व राष्ट्रोदय कार्यक्रम ,''वैवाहिक'' रिश्तों के लिए विप्र वेड लॉक पोर्टल और ''खेल जगत'' से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना शामिल हैं।

# कलाकारों ने दी स्व.सरस बृजवासी को श्रद्धा सुमन

चमकता राजस्थान

**जयपुर 12 मई ।** भरतपुर मंडल द्वारा आज जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में स्वर्गीय राधावल्लभ सरस बृजवासी की स्मृति में सांस्कृतिक आयोजन किया गया ' कार्यक्रम की शुरुआत कविता सक्सेना के निर्देशन में गणेश वंदना से की गई। उसके बाद जयपुर का शुद्ध कत्थक जिसमें आमद परण जोड़ तत्कार श्री कलाकारों ने लोगों को मंत्र मुग्ध किया । कलाकार स्वर्गीय राधावल्लभ सरस बृजवासी ब्रज संस्कृति के सिद्ध



हस्त कलाकार थे । ब्रज संस्कृति को आगे बढ़ाने में उनका का योगदान रहा है । जयपुर में गोविंद देव जी मंदिर में उनकी प्रस्तुति और प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ब्रजहोरी कार्यक्रम में उनके द्वारा प्रस्तुत कृष्ण राधा की फूलों की होली लोग आज भी याद करते हैं । मधुर वाणी कार्य कलाकार जिनकी गायकी में ठहराव और शुद्ध गायकी थी लोगों को अपने कार्यक्रम से आकर्षित करने की क्षमता थी जब वह कार्यक्रम करते थे तो हमेशा राधे-राधे से कार्यक्रम की शुरुआत करते थे और लोगों को उसे जोड़ते थे ।

कार्यक्रम में पं. आलोक भट्ट ने आओ मनमोहना गायक किस लोगों को आनंदित किया । इसके बाद माधव सक्सेना सिमरन करले मेरे मना मधुमती में पेश किया । कार्यक्रम में कलाकार मत मारो पिचकारी सॉन्ग आस्था सक्सेना श्रीवास्तव ने मत मारो पिचकारी होली सुनाई। इसके बाद गौरव जैन प्रीति सक्सेना ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को आनंदित किया। कार्यक्रम के अंत में राधा कृष्ण की ब्रजहोरी की प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम का संचालन राजेश आचार्य ने किया।कार्यक्रम में तबले पर शफात हुसैन सिंह एवं आदित्य राठौड़, की बॉर्डर पर हबीब खान, गिटार पर आशुतोश सक्सेना, हारमोनियम पर राजेंद्र मेघवाल, ढोलक पर पवन डांगी, ऑक्टोपैड पर भवानी डांगी ने शानदार संगतकार कार्यक्रम को परवान चढ़ाया ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव अरुण कुमार, लोक कलाकार ईश्वर दत्त माथुर शाहिद भारी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे ।

### परिंदों के लिए 51 परिण्डे लगाये

**चमता राजस्थान/जयपुर।** मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान एवम् श्रीमती नीतू गुर्जर मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा शिवाजी नगर स्थित धाभाई गौशाला में परिंदों के लिए 51 परिण्डे बाँधे।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर समाज सेवी अमरसिंह धाभाई,नटवर लाल भाटिया,नवीन बाँठिया,चेतनगोस्वामी आदि गणमान्य नागरिकों ने नियमित दाना व पानी की व्यवस्था करने की शपथ ली।

### अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर नर्सिंग स्टाफ का किया गया जोरदार अभिनंदन

- नर्सेज नायक हैं,करुणा इनकी महाशक्ति है:- सैय्यद असगर अली

**चमकता राजस्थान/जयपुर /टोंक (खलील कुरैशी)** । अंतराष्ट्रीय नर्सेस दिवस के उपलक्ष में वर्क टीम टोंक ने सैयद असगर अली के नेतृत्व में सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सालयों में पहुंचकर नर्सेज को शुभकामनाएं पेश की तथा चॉकलेट वितरित कर नर्सेज को हीरो बताया।असगर अली ने कहा कि डॉक्टर नर्सेस हमारे वास्तविक नायक होते हैं जिनके भीतर करुणा,दया के साथ अद्भुत सहन शक्ति होती है,जो समय समय पर नजर आती रहती है हम करोना काल नहीं भूल सकते।वर्क टीम टोंक के महिल विंग टोंक अध्यक्ष यास्मीन अली नर्सेस के कार्यों की सराहना की तथा सतयुग के आगमन के लिए सकल प्रयास के लिए प्रेरित किया।टोंक टीम से सैयद असगर अली,यास्मीन, फरहीन, सानिया,सैयद मश्कूर अली एवं हैदर साथ रहे।

### 101 प्रखंडों का वितरण

**अजमेर/चमकता राजस्थान ।** भीषण गर्मी में पंछियों को राहत देने के लिए आज करमाबाई जाट महिला संस्था द्वारा दाहरसेन स्मारक हरिभाऊ उपाध्याय विस्तार में परिंडां वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की जिला संरक्षक ममता चौधरी के नेतृत्व मे भीषण गर्मी में परिंदों को राहत दिलाने के लिए परिंडा वितरण किया गया एवं हरिभाउ विस्तार योजना में दाहर सेन स्मारक पर दाना पानी डालकर परिंडें रखे गए। इस अवसर पर अजमेर जिला संयोजक इन्द रिणवां, जिला महासचिव रेखा दुगुस्तावा जिला स्वास्थ्य सचिव डॉ. सुमन इनाणिया उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण रत्न सम्मान से 45 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

## 'ब्राह्मणों को संस्कारों के बल पर आगे बढना चाहिए' : रामचरण बोहरा

चमकता राजस्थान

जयपुर 12 मई। ब्राह्मणों को अपने संस्कारों को प्रबल करते हुए समाज को दिशा एवं मार्गदर्शन देना चाहि-ए। ब्राह्मण समाज ने सदैव परहित में कार्य किया है। ब्राह्मण बच्चों को संस्कारित कर भगवान परशुराम जी की तरह जितेन्द्रिय बनना चाहिए। ये विचार आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय '' ब्राह्मण रत्न'' सम्मान समारोह में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोह-रा ने कहे।

इस अवसर पर समारोह के अध्यक्षता करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण सर्वहित की बात करता है और सर्वजन सुखाय की भावना से समाज को एक राह दिखाता है। लेकिन अब ब्राह्मणों को भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए और अग्रणी भूमिका निभाने वाला ब्राह्मण आज पिछड रहा है। उसे भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए।

इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी भाजपा मंजू शर्मा ने कहा कि जब ब्राह्मण आगे बढ़ेगा तो देश में सामाजिक समरसता बढ़ेगी और

परशुराम जी के बताये हुए रास्ते पर युवाओं को चलना चाहिए।

इस अवसर पर आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा और अन्य सामाजिक संगठनों को सामाजिक रूप से संगठित होकर समाज को एकजुट करना चाहिए और लोकतंत्र में अपनी ताकत दिखानी चाहिए। सर्व ब्राह्मण महासभा ने समाज हित में आरक्षण की एक लम्बी लडाई लडी है जिससे सफलता प्राप्त हुई है।

इस अवसर पर हवामहल विधायक महामंडलेश्वर आचार्य बालमुकुंद आचार्य महाराज ने सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि सभी ब्राह्मण संगठनों को रचनात्मक कार्यों की तरफ बढ़ना चाहिए।

राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर ने कहा कि ब्राह्मण को अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए परशुराम जी के विषय में अज्ञानता वष कई विभेद पडे है उन्हे दुर करना चाहिए।

इस अवसर पर गोविन्द पारीक पूर्व अतिरिक्त निदेशक डीपीआर ने ब्राह्मण और सर्व समाज विषय पर अपने विचार प्रकट किये। सर्व ब्राह्मण महासभा की पूरे देष-विदेष में हो रही गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर श्रम न्यायालय के न्यायाधीश- अनीष दाधीच, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी-सुश्री गीतिका पाण्डेय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर-डॉ. पी.सी त्रिवेदी, पूर्व आचार्य- प्रोफेसर डॉ. प्रहलाद राय व्यास, एसीबी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-संदीप सारस्वत, महर्षि अरविन्द ग्रुप के डायरेक्टर-डॉ. संजय पाराशर, असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर-संजय शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष-डॉ. मधु मुकुल शर्मा, ईटीवी के हेड-अश्विनी विजय प्रकाश, वेदांता पीजी गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल- डॉ. शुभा शर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी-डॉ नीरज नगाइच, राष्ट्रपति के अंगरक्षकों को साफा बांधने में महारत-सुश्री दिया शर्मा, एसएमएस हॉस्पिटल के सहायक प्रोफेसर-डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर-डॉ. निखिल व्यास, प्रसिद्व भागवत एवं रामकथा प्रवचन-आचार्य गोपाल शरण महाराज, जगदम्बा आश्रम के संस्थापक-आचार्य पवन भारद्वाज, प्रसिद्ध ज्योतिष एवं गोदूत-ज्योतिषाचार्य श्री अंकित रावल, ठिकाना मंदिर लक्ष्मण द्वारा के महंत वेणुगोपाल गौड, कुसुम ज्वैलर्स की संस्थापक-कुसुम पाटनवाला, फ्यूचर टेक प्रा.लि. के सीईओ-अशोक कुमार व्यास, तारा आर्ट पैलेस के डायरेक्टर-जयेष गौतम, मेहता ग्रुप कॉलेज एवं स्कूल के डायरेक्टर-राधेश्याम मेहता, एसएमएस हॉस्पिटल में ट्रामा लैब इंचार्ज-डॉ. सुमित तिवारी, सहायक व्याख्याता- महेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता-परमानन्द शर्मा, वेद स्वाध्याय पीठ गुरुकुल के संस्थापक-महेश कुमार शर्मा, प्रसिद्ध रेडियोग्राफर-दीनदयाल शर्मा, गायत्री कोरियर के डायरेक्टर-सुरेंद्र कुमार शर्मा, विधिक सेवा से -एडवोकेट प्रक-ाश शर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट-सीए गौतम शर्मा, वीज लीगल फर्म के संस्थापक-एडवोकेट विनीत षर्मा, शास्त्रीय संगीत से -छवी जोशी, संतोष स्टील अपोलो पाइप्स के डायरेक्टर-कन्हैयालाल शर्मा, शुभविचार संस्था के संस्थापक -जितेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता-एडवोकेट अतुल चतुर्वेदी, श्री नेहरू ज्ञान मंदिर स्कूल के संस्थापक-गोपाल लाल शर्मा, तैराकी खेल से-सुश्री कोमल गौतम, षर्मा डायमण्ड एण्ड ज्वेलरी के संस्थापक-पं. श्याम शास्त्री, राजकीय सेठ आनन्दीलाल पो-द्दार दिव्यांग बधिर स्कूल के प्रधानाचार्य-भरत जोशी, ज्योतिष-सत्यवीर भारद्वाज, समाज सेवा से-पवन डिडवानिया, श्रीनाथ शर्मा, उमेश छंगाणी, महेश कुमार पारीक, विषाल शर्मा, मनोज शर्मा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, साफा व दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्था के पदाधिकारियों प्रदेश संगठन मंत्री पं. श्याम शास्त्री, राष्ट्रीय महामंत्री सविता शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष गब्बर कटारा, जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, राजू शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। अन्त में बाबूलाल शर्मा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विप्र महासभा के अध्यक्ष सुनिल उदईया, परशुराम सेना के अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, एडवोकेट बी.बी. शर्मा, मनोज मिश्रा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रवेन्द्र शर्मा सहित सैकड़ों विप्र बंधु उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929